CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरु,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 77 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 06 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

## महिला एवं बाल विकास को लेकर भजनलाल शर्मा है काफी अलर्ट, मुख्यमंत्री आवास पर अधिकारियों से किया संवाद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजन लाल सरकार में पिछले सवा दो साल में वैसे तो हर क्षेत्र और विभाग में ऐतिहासिक कार्य हुए और कई बड़े निर्णय भी लिए गए लेकिन महिला और बाल विकास विभाग में भी सरकार का बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा है जिसकी वजह से प्रदेश में महिलाओं के जीवन स्तर में क्रांतिकारी बदलाव भी नजर आने लगा है चाहे शहर में रहने वाली महिला हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र में सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने के लिए कई बड़े निर्णय और कई बड़ी योजनाएं शुरू की जिनका महिलाएं भरपूर फायदा उठा रही है जिसकी वजह से एक तरफ ग्रामीण क्षेत्र की कम पढ़ी-लिखी महिलाएं भी छोटे-छोटे समूह में विभिन्न तरह के उत्पादों का निर्माण करके प्रदेश के उद्योग जगत में खुद को साबित करने का प्रयास कर रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं को सफलता भी मिली है और महिलाएं आर्थिक रूप से काफी मजबूत होकर न केवल अपने परिवार को ताकत दे रही हैं बल्कि प्रदेश सरकार की तिजोरी को भी संबल दे रही है इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए लगातार सतत प्रयास करते रहे हैं बजट में भी महिलाओं के कल्याण उत्थान के लिए काफी अच्छा स्थान दिया है रविवार को भी मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की बैठक में महिला और बाल विकास विभाग के सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले सवा दो साल में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से किए गए कार्यों का फीडबैक लिया विभाग की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की और बजट में भी महिला और बाल विकास विभाग से जुड़ी घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी फीडबैक लिया अब तक सरकार की ओर से जितने भी बजट प्रस्तुत किए गए उन बजट में महिला और बाल विकास विभाग से जुड़े घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने गंभीरता से जानकारी हासिल की और जो योजनाएं और घोषणाएं अभी पूरी नहीं हो पाई है उन्हें जल्दी से जल्दी पूरी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से महिला और बाल विकास विभाग को और गति देने तथा महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए सरकार आगे और क्या नए कदम उठा सकती है क्या नई योजनाएं तैयार कर सकती है इनके बारे में भी अधिकारियों से सलाह और सुझाव लिए जानकारी के अनुसार महिला और बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा इस विभाग की कार्यशैली और गतिविधियों को लेकर संतुष्ट नजर आए और फीडबैक के दौरान विभाग की ओर से पिछले सवा दो साल में किए गए प्रदर्शन पर भी मुख्यमंत्री शर्मा ने संतुष्टि जताई लेकिन उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बजट में जो भी घोषणाएं की गई है उन्हें निश्चित अवधि में पूरा किया जाए और सरकार की ओर से महिला और बाल विकास विभाग के कल्याण और भलाई के लिए जितनी भी योजनाएं और जितने भी कार्यक्रम संपादित किया जा रहे हैं उनकी बहुत ही अच्छी तरह से क्रियान्विति हो ।

## भजनलाल सरकार का कमाल : बिना नेटबंदी प्रदेश भर में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** यह प्रदेश में भजनलाल सरकार की एक बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है कि रविवार को प्रदेश भर में 1174 परीक्षा सेंटरों पर राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर प्लाटून कमांडेंट परीक्षा का बिना नेट बंदी के सफलतापूर्वक आयोजित की गई नेट बंद नहीं होने से प्रदेश के लोगों को काफी राहत मिली है अन्यथा कई बार यह देखा गया है की महत्वपूर्ण परीक्षाओं के आयोजन के दौरान प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्थाओं के मध्य नजर और पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के प्रयास में परीक्षा अवधि के दौरान इंटरनेट को बंद कर दिया जाता था जिसकी वजह से आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी इंटरनेट बंद होने की वजह से व्यापारिक बैंकिंग और अन्य कई तरह की गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित होती थी जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी होती थी लेकिन रविवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की गई परीक्षा में प्रदेश में कहीं पर भी इंटरनेट को बंद नहीं किया गया और कड़े सुरक्षा प्रबंधन के बीच इस परीक्षा का बहुत ही अच्छी तरह से संपादन हुआ जो अपने आप में भजनलाल सरकार के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है जानकारी के अनुसार रविवार और आज दो दिनों तक प्रदेश भर में राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सब इंस्पेक्टर प्लाटून कमांडेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है इस परीक्षा के लिए जयपुर सहित प्रदेश के 41 जिलों में विभिन्न जगहों पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 1174 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए जिसमें जयपुर में ही 199 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए राजधानी जयपुर में ही करीब 149000 से ज्यादा अभ्यर्थी इस परीक्षा में बैठ रहे हैं इस परीक्षा में पेपर लीक और अन्य कई तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रशासन की ओर से पुलिस की सहायता से सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए गए हैं सभी परीक्षा केदो पर अभ्यर्थियों की प्रभावी तलाशी ली गई इसके लिए महिला और पुरुष के लिए निर्धारित ड्रेस कोड भी निश्चित किए गए तथा विभिन्न परीक्षा केदो की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग व्यवस्था को भी अंजाम दिया गया रविवार को दो पारियों में परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिसमें सुबह 11:00 से 1:00 बजे तक और शाम को 3 से 5 बजे तक परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन प्रदेश में किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की गड़बड़ी और लापरवाही की शिकायत सामने नहीं आई है और ना ही परीक्षा केंद्र पर नियुक्त पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मचारियों की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर किसी भी तरह की कोई शिकायत सामने नहीं आई इस तरह से कहा जा सकता है कि बिना इंटरनेट बंद किए रविवार को जिस तरह से सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन करवाया गया यह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल और प्रभावी नेतृत्व का एक जीवंत उदाहरण माना जा सकता है ।

## भजनलाल और मदन राठौड़ ने भाजपा राजस्थान के फेसबुक पेज पर 3 मिलियन सदस्यों का आंकड़ा पार करने पर पार्टीजन और आमजन को थैंक्स बोला

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी ट्वीट कर दी बधाई, कहा- यह जन-जन के विश्वास का प्रमाण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के आधिकारिक फेसबुक परिवार द्वारा 3 मिलियन (30 लाख) सदस्यों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने पर प्रदेशभर के समस्त कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं राजस्थान की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऐतिहासिक उपलब्धि पर ट्वीट करके खुशी जताते हुए कहा कि यह जान-जान के विश्वास का प्रमाण है उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं पार्टी के कार्यकर्ताओं और आमजन को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया इसी तरह से प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आपका विश्वास, हमारी शक्ति केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह भाजपा के प्रति जनता के अटूट विश्वास, स्नेह और समर्थन का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सफलता संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के अथक परिश्रम, समर्पण और सेवा भाव का परिणाम है, जिन्होंने डिजिटल माध्यमों के जरिए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। राठौड़ ने सोशल मीडिया संयोजक हिरेंद्र कौशिक और उनकी टीम के कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मदन राठौड़ ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया जनसंवाद का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुका है। भाजपा राजस्थान ने इस मंच का सकारात्मक उपयोग करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की गतिविधियों और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाया है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग इस डिजिटल परिवार से जुड़ रहे हैं और भाजपा के विचारों को समर्थन दे रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि यह उपलब्धि हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के विश्वास को सर्वोपरि मानते हुए प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए निरंतर समर्पित रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और प्रदेशवासियों का पुनः आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि भाजपा राजस्थान आने वाले समय में भी सेवा, समर्पण और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आपका साथ, हमारा संकल्प – विकसित राजस्थान, सशक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट करते हुए इस उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान के फेसबुक पर 30 लाख सदस्यों का यह अटूट जुड़ाव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और संगठन के सेवा संकल्प पर राजस्थान के जन-जन के विश्वास का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने सभी फेसबुक सदस्यों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि यह आत्मीय जुड़ाव विकसित राजस्थान के संकल्प को और अधिक शक्ति प्रदान करेगा। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज प्रदेश भर में पार्टी की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के तहत प्रदेश भाजपा की ओर से विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए पहले ही एक व्यापक कार्य योजना तैयार कर ली थी इस व्यापक कार्य योजना के तहत जिला स्तर,मंडल स्तर और बूथ स्तर पर भाजपाइयों की ओर से विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विचार संगोष्ठी, भाजपा के विकास यात्रा जैसी प्रदर्शनी इत्यादि का भी आयोजन किया जाएगा द्य भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि भाजपा की स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत आज सुबह 07:00 बजे पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा।

## भजनलाल सरकार में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर के प्रयासों से 3 मेगा प्रोजेक्ट्स बदलेंगे राज्य की औद्योगिक तस्वीर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान में जनसंवाद को समाधान में बदलने की दिशा में एक और प्रभावी कदम उठाते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयासों से कालाडेरा और जैतपुर क्षेत्र में 21 करोड़ रुपये की अधिक की लागत से तीन बड़े मेगा प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की जा रही है।हाल ही में जनसंवाद में कालाडेरा के निवासियों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी थीं। राठौड़ ने इन मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जिसके परिणामस्वरूप इन प्रोजेक्ट्स के लिए 21 करोड़ रुपए से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर को औद्योगिक विकास की आधारशिला मानते हुए, राजस्थान सरकार प्रदेश को एक विश्वसनीय और निवेश के लिए तैयार औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इस पहल के अंतर्गत कालाडेरा में 12.97 करोड़ रुपए की लागत से इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड,3.70 करोड़ रुपए की लागत से 11 केवी आरएमयू पावर अपग्रेड,जैतपुर में 4.55 करोड़ रुपए की लागत से पावर इन्फ्रा अपग्रेडजैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य किए जाएंगे। राठौड़ ने कहा कि मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर ही औद्योगिक विकास की आधारशिला है और राजस्थान एक ऐसे सक्षम औद्योगिक वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू भारत के विजन के अनुरूप राजस्थान तेजी से इंडस्ट्रियल ग्रोथ का नया मॉडल बनकर उभर रहा है साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इन परियोजनाओं से न केवल औद्योगिक अवसंरचना और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता मजबूत होगी, बल्कि निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।परियोजनाओं की शुरुआत से कालाडेरा और जैतपुर क्षेत्र के निवासियों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मंत्री के त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया है, राठौड़ ने कहा कि यह पहल केवल परियोजनाओं की शुरुआत नहीं, बल्कि जनसंवाद को जनसमाधान में बदलने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।


### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'जल स्वावलंबी' बन रहा राजस्थान

## जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण का समग्र मॉडल बना अभियान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)** भौगोलिक दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में कम वर्षा, अनियमित मॉनसून, भूजल के अत्यधिक दोहन और मरुस्थलीय क्षेत्र की अधिकता के कारण जल संसाधनों की कम उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में वर्षा के जल को व्यर्थ नहीं बहने देना और उसे भविष्य के लिए सहेजना ही एकमात्र उपाय है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पुनर्जीवित कर चलाए जा रहे 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' के जरिए हजारों गांवों के लाखों परिवारों को राहत पहुंचाई जा रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य जल संकट से प्रभावित सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से कवर कर जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' से जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण का समग्र मॉडल प्रस्तुत किया जा रहा है। वर्षा जल के अधिकतम संचयन के लिए एनिकट, चेक डैम, तालाब एवं जोहड़ का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही पुराने जल स्रोतों की मरम्मत कर पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं भूजल स्तर में सुधार के लिए कुएं बनाए जा रहे हैं और सूखे बोरवेल को रिचार्ज पिट में बदला जा रहा है। इसी का परिणाम है कि कई स्थानों पर भूजल स्तर में सुधार हुआ है और गांवों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता बढ़ने लगी है। इसके अलावा कृषि उत्पादकता और हरित आवरण में वृद्धि, मिट्टी का कटाव कम होने और जैव विविधता में सुधार होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के अवसर बढ़ रहे हैं। बजट 2024-25 में घोषित इस अभियान के लिए कुल 11 हजार 200 करोड़ रुपए का बजट रखा गया। जिससे 20 हजार गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया। अभियान के पहले चरण में 349 पंचायत समितियों के 5 हजार 135 गांवों में कार्य करवाए गए। वहीं 1 लाख 10 हजार से अधिक कार्यों के लक्ष्य के विरुद्ध 1 लाख 16 हजार से अधिक कार्य किए जा चुके हैं। जिन पर 2 हजार 500 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। इसी प्रकार दूसरे चरण में 337 पंचायत समितियों में एक लाख से अधिक कार्य करवाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके विरुद्ध 2 हजार 880 करोड़ रुपए के 1 लाख 4 हजार से अधिक कार्यों का अनुमोदन किया जा चुका है। इनमें से 1 हजार 48 करोड़ से अधिक के 45 हजार से ज्यादा कार्यों की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं। इस चरण में अब तक 148 करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय कर 8 हजार से ज्यादा कार्य पूरे किए जा चुके हैं और शेष कार्यों पर तेजी से काम जारी है। वहीं, बजट 2026-27 में इस अभियान के तृतीय चरण के तहत 2 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से 5 हजार गांवों में 1 लाख 10 हजार कार्य करवाने की घोषणा की गई है। जनकल्याण के लिए चलाए जा रहे 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' में जनभागीदारी के लिए ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका तय की गई है। कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए ग्राम स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया है। स्वयंसेवी संगठनों के साथ सीएसआर के तहत निजी कंपनियों का सहयोग भी लिया जा रहा है, जिससे सरकारी खर्च में भी कमी आई है। योजना को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे जीआईएस आधारित मैपिंग, ड्रोन सर्वे, जल संरचनाओं के डिजिटल रिकॉर्ड का उपयोग किया जा रहा है, जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और सतत निगरानी सुनिश्चित हुई है। वहीं, इस अभियान के जल जीवन मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि जैसी अन्य योजनाओं से समन्वय के कारण संसाधनों का बेहतर उपयोग और व्यापक प्रभाव सुनिश्चित हुआ है।




CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
06 अप्रैल, 2026


## श्री श्याम वंदना महोत्सव 11 अप्रैल को



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति की ओर से 11अप्रैल को चतुर्दशम श्री श्याम वंदना महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन दशहरा मैदान में किया जाएगा। श्री श्याम परिवार सेवा समिति के प्रवक्ता महेन्द्र गोयल ने बताया कि श्री श्याम वंदना महोत्सव में बाबा का गुणगान बाडमेर से छोटू सिंह रावणा जिनका 'तीन बाणधारी भजन, भारत प्रसिद्ध आ रहे हैं। इसी कड़ी में वृन्दावन के प्रसिद्ध पारस लाड़ला, माधवी शर्मा की जोड़ी एवं अलवर से संजय शर्मा, मोहन यदुवंशी आ रहे हैं। साउंड हरि साउंड, मनीष जैन एवं मंच संचालन नवीन अग्रवाल करेंगे। श्री श्याम वेदना महोत्सव का शुभारंभ संत श्री 108 श्री गंगादास वेदांती महाराज, श्री कृष्णा चैतन्य मेहनाचार्य पीठाधीश्वर प्रेम पीठ तिजारा एवं ज्योत प्रज्जवलन अशोक जैन (अगोनिज) संरक्षक के द्वारा भी जाएगी। वही महोत्सव की तैयारी में अध्यक्ष रूपेश जैन, मंत्री जय प्रकाश नैन, आर्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष जैन, कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, कीर्तन संयोजक लोकेश गुप्ता, द्वारका प्रसाद खंडेलवाल, अमन अग्रवाल, यश भार्गव, अंकित अग्रवाल, किशोर गैरा, चिराग जैन, नवीन, तरूण, अशोक, प्रशांत, योगेश, अर्पित, चेतन, घवल, कैलाश, कुलदीप व प्रवीण आदि जुटे हैं।

## भाजपा स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जिला कार्यालय में दीपोत्सव

### 101 दीप जलाकर मनाया उत्सव, रंगोली व आतिशबाजी से सजा परिसर




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अंबेडकर नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय परिसर में आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा 101 दीपक प्रज्वलित कर स्थापना दिवस का स्वागत किया गया। इस दौरान आतिशबाजी की गई और जिला कार्यालय को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रवाद से सिंचित संपूर्ण भारतवर्ष में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसके मूल में राष्ट्र प्रथम की भावना निहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री ऋषिराज शर्मा, नरेश गोयल, उपाध्यक्ष हुकुम फागना, मूलचंद डीग्वाल, अभिराम दीक्षित, मंत्री राजेश तिवारी, शीला जांगिड़, गगनदीप सिंह, कमल भादवा, प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा, नरेश ढाणावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, जितेंद्र सैनी, सतीश यादव, महेश निहलवानी, पार्षद सीताराम चौधरी, हेतराम यादव, राजेंद्र कसाना, सुदेश खांमबरा, रामावतार शर्मा, बबलू गुप्ता, मुकेश विजय, अशोक वर्मा, श्याम सिंह यादव, कमलकांत जांगिड़, राहुल गर्ग, यशोधन पाराशर, रणदीप सिंह, रमेश जाटव सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## तूफान से उजड़ा परिवार का आशियाना, समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** क्षेत्र के गांव करेरूआ स्थित प्रकाश अड्डे के पास नहर किनारे रहने वाले एक परिवार पर आई तेज आंधी-तूफान ने कहर बरपा दिया। बीती शाम आए तूफान से कृष्ण जाटव का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घर की टीन शेड उड़कर गिर गई, जिससे परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। तूफान के कारण घर में रखा राशन, कपड़े एवं अन्य आवश्यक सामान भी नष्ट हो गया। परिवार के छोटे-छोटे बच्चों ने पूरी रात भय और असहायता के बीच बिताई। परिवार में चार नन्हीं बच्चियां होने से हालात और भी चिंताजनक बने हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर अध्यक्ष एवं समाजसेवी वंदना शिवहरे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उनके साथ सचिन बंसल, सतीश प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद गर्ग (पप्पू काकरई), ऋषभ शर्मा, नाजिया खान (जिला उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा) एवं नितिन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। समाजसेवी टीम ने मौके का जायजा लेकर पीड़ित परिवार को तुरंत राहत सामग्री उपलब्ध कराई। खाने-पीने की वस्तुएं, कपड़े एवं अन्य जरूरी सामान देकर परिवार की सहायता की गई, जिससे उन्हें इस कठिन समय में कुछ राहत मिल सके। इस दौरान वंदना शिवहरे ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि संकटग्रस्त परिवार की मदद के लिए अधिक से अधिक लोग आगे आएं और आर्थिक व आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि परिवार को पुनः सामान्य जीवन जीने में सहारा मिल सके।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रथम कार्यक्रम रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के पावन अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा संस्थान, राष्ट्रीय सैनी सभा और सैनी समाज विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय कार्यक्रमों के तहत रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कम्पनी बाग के सामने स्थित दॉ रिवाज रिसोट अलवर में सम्पन्न हुआ।

अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनील सैनी (गब्बर भाई) ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं द्वारा 115 युनिट रक्तदान किया रक्तदान शिविर में सेठ माखन लाल चैरिटेबल ट्रस्ट की युनिट ने रक्त संग्रहण में सहयोग किया। सभी रक्तदाताओं को आपनी सुरक्षा के हेलमेट व प्रशस्ति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सैनी समाज विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान अध्यक्ष विकास बबेरवाल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में 577 प्रतिभाओं को सम्मनित किया गया। जिसमें वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं के 80' से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 207 प्रतिभाओं को एवं कक्षा 12वीं के 80' से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 180 प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बी.ए. बी.काम, बीएससी, बीएड एवं नीट, क्लेट, आईआईटी, सी.ए. की 85 प्रतिभाओ को एवं राष्ट्रीय एवं स्टेट लेवर की खेल प्रतियोगित में भाग लेने वाली 25 प्रतिभाओं को एवं समाज के राजकीय सेवाओ में 80 चयनित कर्मचारी/अधिकारी को प्रशस्ति-पत्र मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण मशहूर पंजाबी सिंगर राज सैनी (हिसार) रहे जिन्होंने अपने गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में पधारे सभी को आनन्दित किया।

राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष कमल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सैनी उद्योगपति नीमराणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक सैनी निदेशक अपनाघर शालीमार ने की। कार्यक्रम के संयोजक उप प्रधान उमरैण महेश सैनी रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत राकेश सैनी आरकीटेक्ट, डॉ. प्रेमचन्द सैनी पी.एम.ओ. अलवर, रमेश सैनी कोतवाल शहर कोतवाली, गुरूदत्त सैनी थाना प्रभारी वैशाली नगर, अलवर, सीताराम सैनी उप निरीक्षक विशेष शाखा पुलिस विभाग के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नवल किशोर सैनी उद्योगपति, भॅवर लाल सैनी प्रशासनिक अधिकारी जिला कोटपूतली- बहरोड़, मुकेश सैनी निदेशक थानागाजी विद्या स्कूल, चन्द्रशेखर सैनी निदेशक ज्योति पब्लिक स्कूल थानागाजी, गोपाल सैनी नाईस क्लेक्शन, लालाराम सैनी छब्बीसी अध्यक्ष मालाखेडा शामिल हुए।

कार्यक्रम संरक्षक रामप्रसाद सैनी अध्यक्ष सैनी छात्रावास अलवर ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी भौरेलाल सैनी, बाबूलाल झारिया, हुकमाराम सैनी, डॉ. संदीप सैनी, रमन सैनी पूर्व पार्षद, मास्टर अशोक सैनी, प्रकाशचन्द सैनी, एडवोकेट नरेश सैनी, प्रेम कोलावत, दशरथ सैनी, दिनेश सैनी, उत्तम सैनी, बनवारीलाल सैनी, घीसाराम सैनी पूर्व सरपंच, झम्मल लाल सैनी, बाबूलाल सैनी, रामपाल सैनी, फूलचन्द सैनी, कैलाश सैनी, राजेन्द्र सैनी, रामपाल सैनी उमरैण, मोहन सैनी, भारत सैनी, रूपकिशोर सैनी, गौरव सैनी, आनन्द सैनी, तेजपाल सैनी, जुगल सैनी, महेन्द्र सैनी आदि सहयोग किया।

आज के कार्यक्रम का मंच संचालन महेश सैनी, प्रेम कोलावत एवं तुलराम सैनी सैनी ने किया।

## उप मुख्यमंत्री ने ग्राम श्यामाका में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए सविधान में सबको समान अधिकार- उपमुख्यमंत्री**

**विकास कार्यों की घोषणाओं के साथ दिया एकता व शिक्षा का संदेश**




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** कार्यक्रम के उप-मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को ग्राम श्यामाका में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। अपने संबोधन में उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतिमा अनावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि के तीन मूल मंत्र– 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो '–आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित बनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही सामाजिक एकता को मजबूत करने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया में समय व्यर्थ न कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और समाज व देश के विकास में योगदान दें। मुख्य अतिथि डॉ. बैरवा ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की आधारशिला हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और संस्कारों के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दिन समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है तथा हमें केवल प्रतिमा स्थापित करने तक सीमित न रहकर बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान ग्राम के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। ग्राम श्यामाका में कार्यक्रम स्थल पर बनी धर्मशाला में शौचालय, बाथरूम, बाउंड्री वॉल एवं सीसी सड़क निर्माण के लिए लगभग 35 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की गई। साथ ही सांसद कोटे से 15 लाख रुपये की लागत से पुस्तकालय निर्माण की घोषणा भी की गई। इसके साथ ही मुख्य अतिथियों ने गांव के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अति विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत यादव, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन संगवान, भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलराम यादव, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, रामबाबू एवं अशोक डाटा, संपतराम, मनोज मित्तल, नरेश भड़ाना सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भारत विकास परिषद माही शाखा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

### हरिश्चंद्र कलाल लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित






जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** भारत विकास परिषद माही शाखा, बांसवाड़ा के नवीन सत्र के लिए आयोजित निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हरिश्चंद्र कलाल को अध्यक्ष, रमेशचंद्र जैन को सचिव तथा अनंत गुप्ता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। प्रांतीय प्रतिनिधि संजय गुप्ता ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई। समारोह की अध्यक्षता निमेष मेहता ने की, जबकि प्रांतीय परिवेक्षक संजय गुप्ता एवं सह जिला समन्वयक भुवनेश्वरी मालोत की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रभात शाह ने किया। उल्लेखनीय है कि हरिश्चंद्र कलाल बांसवाड़ा जिले में जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन, रियल एस्टेट एसोसिएशन एवं जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभाते हुए सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। परिषद की माही शाखा में उन्हें लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुति में कवि हेमंत पाठक, कामना त्रिवेदी और डॉ. मेहुल त्रिवेदी सहित अन्य प्रतिभागियों ने कविता, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। सेवा सम्मान के अंतर्गत सरोज शाह, बबिता गुप्ता, कल्पेश उपाध्याय, प्रभात शाह, तरुण कोठारी और दीपक मेहता का सम्मान किया गया। वहीं नवीन सदस्य शपथ कार्यक्रम के अंतर्गत छह नए सदस्यों को उनके परिवार सहित परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुबोध मालोत, धरणीधर पंड्या, जयगिरिराज सिंह चौहान, विजयकृष्ण वैष्णव, शैलेश सेठ, शरद शाह, किशोर पाठक, पंकज सेठ, भूषण जैन, गौरव उपाध्याय, मिनेश दोसी, गीता पटेल, राजेंद्र सेन, सारिका मालोत, निक्की दोसी और वंदना सेठ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**जिला स्तरीय पंजाबी बैसाखी मेला 11 अप्रैल को**

## देश के नामी कलाकारों की प्रस्तुति, बुजुर्गों व प्रतिभाओं का होगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खत्री पंजाबी समाज सेवा समिति की ओर से 11 अप्रैल को रिवाज रिसोर्ट में जिला स्तरीय पंजाबी बैसाखी मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले भर के बुजुर्गों एवं प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान किया जाएगा तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। समिति के संरक्षक दौलतराम हजरती ने बताया कि समारोह में पुरुषार्थी समाज के सर्वोपरी संत महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज अपने विभिन्न राज्यों से आए शिष्यों के साथ शामिल होंगे और मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्टैंडअप कॉमेडी कलाकार सौरभ नारंग मुलतानी पंजाबी भाषा में हास्य प्रस्तुति देंगे। सौरभ नारंग को मुलतानी भाषा में प्रस्तुति के लिए कई देशों में आमंत्रित किया जा चुका है। इसके अलावा पंजाबी गायक शेरू विंग भी अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। शेरू विंग अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर पंजाबी डांस पार्टी द्वारा भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

**बुजुर्गों व प्रतिभाशाली युवाओं का होगा सम्मान**

संरक्षक चरणजीत सुनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में पुराने अलवर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पुरुषार्थी समाज के लोग भाग लेंगे। समारोह के दौरान जिले भर के बुजुर्गों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कई पुरस्कार भी रखे गए हैं, जिनके ड्रॉ समारोह के दौरान निकाले जाएंगे।

### मोक्ष वाहिनी का होगा लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान अलवर शहर में बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एक नई मोक्ष वाहिनी समाज को समर्पित की जाएगी। यह मोक्ष वाहिनी नारायणी देवी मनोहर लाल छाबड़ा ट्रस्ट की ओर से समाज को समर्पित की जा रही है, जिसका मासिक खर्च भी ट्रस्ट द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के बुजुर्ग मुख्य ट्रस्टी अमित छाबड़ा का सम्मान भी करेंगे।

### कार्यक्रम की तैयारी में जुटे युवा

समिति के अनुसार बैसाखी मेले को सफल बनाने के लिए अलवर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषार्थी समाज के युवाओं की टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। मेले में जिले भर से बड़ी संख्या में समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## संगठन बढ़ाओ, संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा 'संगठन बढ़ाओ, संविधान बचाओ' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनाव समय पर नहीं कराए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया गया कि सरकार जानबूझकर चुनावों में देरी कर रही है। बैठक में नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों में व्याप्त अनियमितताओं एवं विसंगतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने तथा संविधान की रक्षा के लिए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रभारी फूलचंद ओला, विधायक मांगेराम मीणा सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पुष्पेंद्र सिंह धाबाई, गफूर खान, जोगेंद्र सिंह कोचर, हिम्मत सिंह चौधरी, जाकिर हुसैन, गब्बर मीणा, विश्राम गुर्जर, जीत कोर सांगवान, लीली यादव, गौरव यादव, रमन सैनी, पंडित सुरेश पूंछरी, प्रीतम मेंहदीरत्ता, राकेश बैरवा, जे.डी. आर्यन, जमशेद खान, नीमा चौधरी, जल्लाराम जाटव, इलियास खान, धर्मराज मीणा, सावित्री नरेंद्र मीणा, नवीन शर्मा, ओमप्रकाश गोलिया, छगाराम लखेरा, जगदीश प्रसाद बौद्ध, राजवीर चौधरी, शिव सहाय मीना, राजेंद्र शर्मा, रामहेत जाटव, हनुमान प्रसाद शर्मा, बनवारीलाल शर्मा, डॉ. हुकुम सिंह, सीए नवीन कुमार, राजेश मीणा, अशोक नंदा, सोनू गोपालिया सहित जिले के समस्त ब्लॉक, नगर, मंडल एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौरव यादव ने किया।

# दो महीने से बह रहा लाखों लीटर पानी, विभाग बना मूकदर्शक

### लापरवाही से बर्बाद हो रहा अमूल्य अमृत

जयपुर टाइम्स



**अलवर।(निसं.) गोपेश कुमार** शहर के एनईबी थाने के पीछे जलदाय विभाग की मुख्य पाइपलाइन पिछले करीब दो महीनों से लगातार लीकेज का शिकार है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग अब तक इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे बैठा है। इस लीकेज के कारण रोजाना सैकड़ो लीटर पानी सड़कों और नालियों में बहकर व्यर्थ हो रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने जलदाय विभाग को इसकी शिकायत दी, लेकिन केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं। क्षेत्रवासियों में विभाग की इस उदासीनता को लेकर आक्रोश है।

सरकार के प्रयासों पर फिरता पानी

एक तरफ राज्य सरकार जल संकट से निपटने के लिए योजनाएं बना रही है और लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर जलदाय विभाग की लापरवाही इन प्रयासों पर पानी फेरती नजर आ रही है। जिस पानी को बचाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, वही पानी खुलेआम बर्बाद हो रहा है।

### पेयजल संकट के बीच बर्बादी

गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और शहर के कई इलाकों में पहले से ही पानी की किल्लत देखने को मिल रही है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ यह लीकेज आमजन के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

### बीमारियों का भी खतरा

सड़क पर लगातार बहते पानी के कारण गड्ढे बन रहे हैं और कीचड़ फैल रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का खतरा भी मंडरा रहा है। यह स्थिति न केवल पानी की बर्बादी है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

### कब जागेगा विभाग ?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक जलदाय विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े रहेगा? क्या किसी बड़े हादसे या जनआंदोलन का इंतजार किया जा रहा है?

### जनता की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस लीकेज को तुरंत ठीक कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

# सरकार की बेरुखी के कारण किसान- मजदूर बेहाल, तुरंत मदद करे सरकार : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के किसान और मजदूर वर्ग की वर्तमान दशा पर गहरी संवेदना और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान का अन्नदाता और श्रमिक वर्ग अत्यंत पीड़ादायक दौर से गुजर रहा है। यह अत्यंत दुखद है कि जब जनता को सरकार के साथ और सहारे की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब प्रशासन की बेरुखी और संवेदनहीनता ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। एक तरफ कुदरत का कहर है तो दूसरी तरफ सरकार की कछुआ चाल ने प्रदेश के मेहनतकश वर्ग को अपने ही हाल पर छोड़ दिया है। जूली ने कहा कि राजस्थान के



किसान पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर बीकानेर संभाग के लूणकरणसर और अरजनसर में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को तबह कर दिया है। समाचार हैं कि कई स्थानों पर गेहूं, ईसबगोल और तारामीरा की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। कुछ क्षेत्र में ईसबगोल की तो 70 प्रतिशत तक फसल खराब होने का समाचार है। किसान आज दाने-दाने को मोहताज है और कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। सरकार की ओर से तुरंत आर्थिक मदद के बजाय केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं जबकि मदद की जरूरत आज है। नेता प्रतिपक्ष ने औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध और गैस संकट के चलते प्रदेश की औद्योगिक इकाइयां बंद होने की कगार पर हैं। कोटपुतली के केशवाना इंडस्ट्रियल एरिया में गैस संकट के कारण इकाइयां बंद हो गई हैं, जिससे 150 से अधिक श्रमिक भारी मन से अपने राज्यों को पलायन करने पर मजबूर हैं। यही हाल नागौर के चाइना क्ले उद्योग का है, जहाँ 100 से अधिक यूनिट्स बंद होने से 2000 मजदूरों की रोजी-रोटी छिन गई है। जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जैसे पर्यटन केंद्रों पर भी गैस सिलेंडर की कमी के कारण होटलों और रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारियों की नौकरियां अस्थायी रूप से जा रही हैं। जूली ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार केवल इवेंट्स और प्रचार-प्रसार में व्यस्त नजर आती है। जितनी इच्छाशक्ति सरकार बड़े आयोजनों को करने में दिखाती है, वैसी इच्छाशक्ति किसान और मजदूर को आर्थिक संबल देने में कहीं दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि अखबारों की सुर्खियां सरकार की बेरुखी की कहानी बयां कर रही हैं, लेकिन सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह नादारद है।नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश की मार झेल रहे किसानों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए बिना किसी देरी के विशेष आर्थिक पैकेज और उचित मुआवजे की घोषणा की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि गैस संकट के कारण दम तोड़ रही औद्योगिक इकाइयों को बचाने के लिए सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि श्रमिकों को दर-दर भटकने और पलायन करने से रोका जा सके। जूली ने स्पष्ट किया कि आज राज्य के किसान और मजदूर दोनों को कर्ज माफी और विशेष संबल योजनाओं की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन अपनी कछुआ चा और बेरुखी को त्यागकर तुरंत सक्रिय नहीं होता है, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

## भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास 8 अप्रैल तक प्रदेश प्रवास पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद, राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का 5 से 8 अप्रैल जयपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अग्रवाल 5 अप्रैल रात 9 बजे जयपुर पहुंचेंगे। इसके बाद 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे सीकर में जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही वे पूर्व विधायक केडी बाबर के निवास पर शिष्टाचार भेंट करेंगे एवं निजी होटल में आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सांयकाल 7 बजे डॉ. अग्रवाल सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर जयपुर लौटेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डॉ अग्रवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य एवं जिला कोषाध्यक्षों के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। 08 अप्रैल को डॉ. अग्रवाल जयपुर से प्रस्थान कर पुनः नई दिल्ली लौट जाएंगे ।

## पाकिस्तान से आई 11 किलो हीरोइन बरामद, चार जनों को लिया हिरासत में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भारत-पाकिस्तान सीमा पर श्रीगंगानगर जिले के श्री करनपुर बॉर्डर पर बीएसएफ, सीआईडी तथा पुलिस ने करीब 11 किलो हीरोइन बरामद की है तथा इस मामले में चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है बरामद की गई हीरोइन की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है जांच एजेंसियां अब हिरासत में लिए गए लोगों से बरामद की गई हीरोइन के बारे में तमाम तरह की जानकारी जुटा रहे हैं हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि पाकिस्तान से यह हीरोइन भारत की सीमा में कैसे पहुंची पाकिस्तान से हीरोइन भेजने वाले लोग कौन हैं और कहां से उन्होंने हीरोइन भेजी तथा राजस्थान में किन लोगों के लिए यह हीरोइन भेजी गई इन सभी सवालों के जवाब हासिल किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब भारत पाकिस्तान सीमा पर अवैध मादक पदार्थों को बरामद किए गए हो इससे पहले भी समय-समय पर भारत पाकिस्तान सीमा पर श्रीगंगानगर , बीकानेर, जैसलमेर ,बाड़मेर, जिलों में अवैध मध्य पदार्थ मिलते रहे हैं बीएसएफ ने कई बार सीमा पर लावारिस अवस्था में अवैध मादक पदार्थ के पैकेट बरामद किए हैं कई बार सीमा पर क्षतिग्रस्त ड्रोन भी मिले हैं इन ड्रोन के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने की बात की सामने आई है कई बार बीएसएफ और पुलिस में इन मामलों में लोगों को गिरफ्तार भी किया है लेकिन पाकिस्तान में बैठे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार सीमा पर रहने वाले अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहे हैं हालांकि स्थानीय पुलिस सीआईडी और बीएसएफ के जवान काफी सजग और सतर्क रहते हैं अधिकांश अवसर पर तस्करों के मंसूबों को विफल भी किया गया है लेकिन पाकिस्तान से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा ।

## डूंगरपुर एसपी मनीष कुमार ने दो पुलिस चौकिया के पांच पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने कमजोर कार्यशैली को देखते हुए जिले में दो पुलिस चौकी में अलग-अलग जगह पर तैनात पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हजूर किया है जानकारी के अनुसार मनीष कुमार ने मेवाड़ा पुलिस चौकी के चार पुलिस कर्मियों को तथा रतनपुर पुलिस चौकी के एक पुलिस कर्मी को कमजोर कार्यशैली की वजह से लाइन




हाजिर किया है जानकारी के अनुसार जिन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है उनकी कार्यशैली को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक संतुष्ट नहीं थे इन पुलिस कर्मियों की गतिविधियों और कार्यशैली पर लगातार गुपचुप तरीके से नजर रखी जा रही थी इन पुलिसकर्मियों को लेकर लोगों ने शिकायत भी की थी इन तमाम वजह से डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने इन पुलिसकर्मियों को फिलहाल लाइन हाजिर किया है उल्लेखनीय है कि डूंगरपुर जिले में पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार काफी चर्चा का विषय बने हुए हैं मनीष कुमार काफी कर्मठ युवा जांबाज भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं और जब से डूंगरपुर जिले में इनकी पोस्टिंग हुई है तब से ही अपनी दबंगई और मजबूत कार्यशैली की वजह से जिले के लोगों में काफी लोकप्रिय हैं मनीष कुमार ने जिले में अपराध जगत से जुड़े लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है जिसमें कई सालों से वांटेड चल रहे बड़े-बड़े अपराधियों को इन्होंने गिरफ्तार किया है इसके अलावा जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ भी इन्होंने काफी प्रभावी कार्रवाई की है तथा जिले में एक श्रेष्ठ पुलिस मॉनिटरिंग के रूप में एक अच्छे पुलिस अधीक्षक के रूप में मनीष कुमार ने खुद को साबित किया है।

## पूर्व मंत्री डॉ ललित किशोर चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व मंत्री और राजस्थान भाजपा के काफी कर्मठ और वरिष्ठ नेता रहे ललित किशोर चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डॉक्टर चतुर्वेदी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश में जनता की भलाई



और कल्याण के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में डॉक्टर चतुर्वेदी की भूमिका की खूब तारीफ की इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने डॉक्टर चतुर्वेदी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की घ्रभाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ चतुर्वेदी को पुष्प अर्पित किए गौरतलब है कि डॉक्टर ललित किशोर चतुर्वेदी दिवंगत भेरू सिंह शेखावत सरकार में मंत्री रहे डॉक्टर चतुर्वेदी संघ समर्पित नेता माने जाते थे और उनका पूरा जीवन संघ और भाजपा को समर्पित रहा चतुर्वेदी कई बार विधायक रहे सांसद रहे और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर भी विराजमान रहे ।

## उत्तर पश्चिम रेलवे की पहलः अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दौसा रेलवे स्टेशन को बनाया आधुनिक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दौसा रेलवे स्टेशन राजस्थान के दौसा जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल और परिवहन का केंद्र है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दौसा रेलवे स्टेशन का लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार दौसा रेलवे स्टेशन स्टेशन दिल्ली- अहमदाबाद रेल मार्ग पर जयपुर से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। दौसा का रेलवे इतिहास ब्रिटिश शासनकाल से जुड़ा है, जब इसे मुख्य रूप से व्यापार, शिक्षा, और सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया था। दौसा रेलवे स्टेशन पर 74 ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। यहां से औसतन 14742 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। बढ़ते यात्री भार को देखते हुए दौसा रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 15.17 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। इस पुनर्विकास कार्य में स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाया गया है। स्टेशन के भवन को पुर्ण रूप ये नवीनीकृत किया गया है सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सुविधा क्षेत्र को विकसित किया गया है तथा अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्टेशन भवन में पोर्च का निर्माण भी किया गया है। स्टेशन भवन के अन्दर तथा वेटिंग हॉल मे भारतीय कला, विरासत और संस्कृति को दर्शाते चित्र बनाये गये है। दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग का प्रावधान किया गया है। 4.10 करोड़ रुपये की लागत से ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) का



निर्माण किया गया है जिसमें रेम्प और कवरिंग शेड़ का भी प्रावधान किया गया। नये प्रतीक्षा कक्ष बनाये गये हैं । आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण किया गया है। दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं जिसमें हेल्प बूथ, शौचालय, वाटर बूथ, रेम्प, अलग पार्किंग, साईनेज, कुर्सीयां आदि शामिल हैं। इसके साथ ही 1.08 करोड़ रुपये की लागत से 02 लिफ्ट भी लगाये गये हैं। स्टेशन पर ट्रेन इन्फोरमेशन बोर्ड और कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त सुरक्षा के लिए सीसीटीवी का प्रावधान भी किया गया है। जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिसाईक्लिंग प्लाट तथा उर्जा संरक्षण के लिए सोलर पावर से सम्बंधित कार्य भी किये गये है।दौसा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से आसपास के क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी और इस तरह के परिवहन केंद्र के विकास से आर्थिक अवसरों में और अधिक वृद्धि होगी तथा सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने प्रचार प्रसार के लिए केरल जा रहे टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस के दिल्ली दरबार में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली को भी बड़ी जिम्मेदारी दी है इसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए टीकाराम जूली आज केरल जा रहे हैं जहां वे कोट्टायम और अन्य जिला में विभिन्न विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार प्रसार करेंगे जूली 6 और 7 अप्रैल को केरल में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे और 8 अप्रैल को वापस जयपुर लौट आएंगे बताया गया है कि जब से राजस्थान में टीकाराम जूली को प्रतिपक्ष के नेता के रूप में जिम्मेदारी दी गई और इस जिम्मेदारी को उन्होंने जिस तरह से बहुत ही शानदार तरीके से राजस्थान विधानसभा में निभाया उसकी वजह से जूली पार्टी के दिल्ली में बैठे सभी बड़े नेताओं के काफी नजदीक आ गए हैं इसमें कोई संदेह नहीं राजस्थान विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में टीकाराम जूली ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर शानदार तरीके से कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जूली ने एक तरफ जहां राजस्थान विधानसभा में अपने ओजस्वी और सार्थक भाषण से कांग्रेस पार्टी के विधायकों को ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को भी काफी प्रभावित किया जूली पूरी तैयारी के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर राजस्थान विधानसभा में आते थे और फिर प्रखर तरीके से एक-एक विषय पर बहुत ही शानदार तरीके से अपना भाषण दिया करते थे उनकी विभिन्न मुद्दों पर भाषण देने की कला और तैयारी को देखकर प्रदेश की राजनीति को कवर करने वाले मीडिया जगत से जुड़े लोग भी उनकी काफी तारीफ करते हुए नजर आए इसी वजह से टीकाराम जूली आज राजस्थान कांग्रेस के टॉप लीडर में शामिल हो गए हैं इसलिए उनके नेतृत्व क्षमता और विभिन्न मुद्दों पर उनके भाषण शैली से प्रभावित होकर ही कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार में केरल जैसे राज्य में पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी है घ्र अब देखने वाली बात यह है कि टीकाराम जूली केरल में जिन-जिन विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करेंगे और जनसभाओं को संबोधित करेंगे वहां पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जीत हासिल कर पाते हैं या नहीं ।

## रणथंबोर में बाघिन ने मगरमच्छ का किया शिकार, मगरमच्छ को खींचकर चट्टान पर ले गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में स्थित विश्व विख्यात रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघिन शक्ति ने मगरमच्छ का शिकार किया इस दुर्लभ दृश्य को रणथंबोर का भ्रमण करने आए पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया इस दुर्लभ दृश्य को देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो उठे जानकारी के अनुसार बाघिन टी 111 शक्ति टाइगर रिजर्व के जोन संख्या चार में मगरमच्छ को खींचकर जामुन देहात क्षेत्र में चट्टान पर ले आई इस दुर्लभ दृश्य को देखकर



वहां मौजूद पर्यटक काफी रोमांचित हो उठे और उन्होंने काफी देर तक बाघिन के मगरमच्छ को खींच कर ले जाने वाले दृश्य को देखते रहे और केमरे में कैद करते रहे बताया गया है कि वैसे तो रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ और बाघिन के वन्यजीवों का शिकार करना आम है लेकिन जिस तरह से बाघिन शक्ति ने मगरमच्छ का शिकार किया यह इस तरह का दृश्य सालों में देखने को मिलता है क्योंकि जिस तरीके के साथ बाघिन शक्ति मगरमच्छ को पूरी ताकत के साथ खींचकर चट्टान पर ले गई यह दृश्य अपने आप में काफी रोमांचित करने वाला था इसलिए इस दृश्य को देखकर पर्यटक काफी प्रफुल्लित हो गए गौर तलब है कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व वन्यजीवों के मूवमेंट के लिए देश और विदेश के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय बना हुआ है यहां बाघ और बाघिन की हरकतों को देखने के लिए हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं यहां पर बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े उद्योगपति बड़े-बड़े व्यापारी और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति अक्सर यहां भ्रमण के लिए आते हैं प्रियंका गांधी राहुल गांधी भी इस टाइगर रिजर्व को लेकर काफी रोमांचित रहते हैं इसलिए प्रियंका गांधी कई बार अपने परिजनों और मित्रों के साथ यहां भ्रमण करने के लिए आती रही ।

## 9 अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवसः विनोद जाखड़ के नेतृत्व में दिल्ली में मैराथन दौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एनएसयूआई की ओर से आगामी 9 अप्रैल को पूरे देश भर में धूमधाम और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा इसके लिए एनएसयूआई के दिल्ली दरबार ने अपनी सभी प्रदेश इकाइयों को स्थापना दिवस को शानदार और प्रभावित तरीके से मनाने के निर्देश दिए हैं तथा एनएसयूआई के संगठन को और मजबूत बनाने तथा संगठन में ज्यादा से ज्यादा नए युवाओं को शामिल करने के बारे में भी प्रदेश से जुड़े संगठन के नेताओं को कहा गया है दूसरी तरफ दिल्ली में एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर 9 अप्रैल को शानदार तरीके से कार्यक्रम आयोजित होगा इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के भी कई बड़े नेताओं के शामिल होने की बात कही जा रही है इसके अलावा दिल्ली में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ की अगुवाई में एक बड़ी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है इस दौड़ में बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे गौरतलब है कि पिछले दिनों राजस्थान के जयपुर जिले के रहने वाले विनोद जाखड़ की नियुक्ति एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हुई थी जाखड़ की नियुक्ति के बाद प्रदेश में एनएसयूआई के संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखा गया अब 9 अप्रैल को जिस तरह से एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से संपादित करने के लिए देश भर में एनएसयूआई के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं में जोश दिख रहा है विनोद जाखड़



राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान विनोद जाखड़ ने संगठन को मजबूती प्रदान करने और संगठन के विस्तार को गति देने में बड़ी भूमिका निभाई थी जाखड़ काफी कर्मठ और कड़ी मेहनत करने वाले नेता माने जाते हैं जाखड़ जितने सरल दिखते हैं उतने ही काफी आक्रामक भी हैं और उनकी भाषण शैली भी बहुत ही सटीक और प्रभावित रहती है इसके अलावा छात्रों में भी उनकी बहुत अच्छी लोकप्रियता है इसीलिए विनोद जाखड़ को एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बड़ी जिम्मेदारी की गई ।

# पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास आवास पर भाजपा के दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के जयपुर स्थित आवास पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण की एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में शानदार आतिशबाजी की गई तो दूसरी तरफ रविवार को ही पूर्व मंत्री और सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के विधायक रहे प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की बड़ी बात यह है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता



अगर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो यह कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकारों के लिए एक चिंता का विषय जरूर बन जाता है फिलहाल भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं लेकिन राजनीतिक कल्यानो में चर्चा यह भी है कि प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण करना ज्यादा मुनासिब क्यों समझा अगर उन्हें कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण करनी थी तो उन्हें जयपुर के कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में आकर या फिर जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में आकर पार्टी के सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए लेकिन जिस तरह से पूर्व मंत्री के आवास पर उन्होंने पार्टी के सदस्यता ग्रहण की है उसे देखकर राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा सुनने को मिली कि कांग्रेस पार्टी के नेता अब अपना खुद का प्रभाव और अस्तित्व दिखाने के प्रयास में पार्टी कार्यालय की बजाय अपने ही आवास पर लोगों की पार्टी जॉइनिंग की प्रक्रिया को पूरी करवा रहे हैं जो कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच आपस में चल रहे मनमुटाव को उजागर कर रहा है उल्लेखनीय है कि प्रताप सिंह खाचरियावास पिछला विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गोपाल शर्मा से हार गए थे स्टैंडिंग विधायक होने के बावजूद भी भाजपा की ओर से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे गोपाल शर्मा से उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा प्रताप सिंह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और जब अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच आपस में वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी उस समय प्रताप सिंह पूरी तरह से अशोक गहलोत के साथ खड़े नजर आए थे हालांकि प्रताप सिंह सचिन पायलट के भी काफी करीबी नेता माने जाते थे लेकिन सचिन पायलट के मानेसर होटल में विधायकों के साथ चले जाने के बाद प्रताप सिंह पूरी तरह से गहलोत सरकार को बचाने में जुट गए थे जिसकी वजह से अशोक गहलोत और प्रताप सिंह के बीच राजनीतिक रिश्ते काफी मजबूत भी हो गए थे हालांकि विधानसभा चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना जरूर पड़ा लेकिन जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी में प्रताप सिंह का अच्छा प्रभाव है क्योंकि पूर्व में प्रताप सिंह जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टीके अध्यक्ष भी रह चुके हैं और जब 2018 का विधानसभा चुनाव हुआ था उस समय प्रताप सिंह जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर तैनात थे 2018 के विधानसभा चुनाव में जयपुर शहर की कई विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी को जीत मिली थी जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी को मिली अच्छी सफलता के पीछे प्रताप सिंह की मेहनत को माना जा रहा था हालांकि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जयपुर शहर की विधानसभा सीटों पर वर्ष 2018 की तरह सफलता नहीं मिल पाई वजह यही थी कि 2023 के विधानसभा चुनाव में जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी का संगठन काफी कमजोर हो चुका था 2023 के विधानसभा चुनाव में आरआरतिवारी जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे और तिवारी खुद ही जयपुर की हवा महल विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे हालांकि अब जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी की कमान सुनील शर्मा के हाथ में है ।

## सम्पादकीय

# पश्चिम एशिया युद्ध का असर अब दुनिया के कई देशों पर



इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि पश्चिम एशिया में युद्ध ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच हो रहा है, लेकिन उसकी मार वैसे देशों को भी झेलनी पड़ रही है, जो किसी भी रूप में जंग में शामिल नहीं हैं। कई देशों में अब हालत यह है कि वहां तेल और गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। भारत भी उन देशों में से एक है, जहां कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से कई देशों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी काफी प्रभावित हुई है। यह स्थिति मुख्य रूप से होर्मुज जलमार्ग को रोके जाने के कारण सामने आई है और इसमें तभी राहत मिल सकती है, जब ईरान इस मार्ग को फिर से खोले। वैश्विक स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर होर्मुज जलमार्ग को इसी तरह बाधित करके रखा गया, तो आने वाले दिनों में स्थितियां और बिगड़ सकती हैं। शायद यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इस संकट का हल निकालने की कोशिश के तहत ब्रिटेन की पहल पर साठ से ज्यादा देशों की बैठक हुई, जिसमें होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने और फंसे हुए जहाजों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में बिना बाधा के जहाजों की आवाजाही की अहमियत को रेखांकित किया गया, क्योंकि आज के दौर में समूची दुनिया में तेल और रसोई गैस लोगों के जीवन के सबसे अहम आधार बन चुके हैं। वहीं होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने के बाद से ही जिस तरह का ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, उसका भारत पर भी सीधा असर पड़ा है। जाहिर है, अन्य कई देशों की तरह भारत भी इस प्रयास में है कि जितना जल्दी हो, इस संकट का हल निकले और होर्मुज जलमार्ग को खोला जाए। बैठक में भारत ने साफ शब्दों में कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए तनाव कम करने और सभी पक्षों के बीच संवाद के रास्ते पर लौटने की जरूरत है। यों भी, आज के दौर में कोई भी युद्ध सिर्फ उन देशों को प्रभावित नहीं करता, जिनके बीच वह लड़ा जा रहा होता है। अब यह वैश्विक चिंता का सवाल बन चुका है कि इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद ईरान ने रणनीतिक मोर्चे पर जो रुख अख्तियार किया है, उसका खमियाजा अब दुनिया के कई देशों को भुगतना पड़ रहा है। संभव है कि अमेरिका और इजराइल को जवाब देने के लिए ईरान ने हमलों के अन्य मोर्चों के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हो, लेकिन जो देश इस युद्ध में किसी भी पक्ष में नहीं हैं, अगर उन्हें इसकी मार झेलनी पड़ रही है और आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर विपरीत असर पड़ रहा है, तो इसे कैसे देखा जाएगा। विडंबना यह है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में संवाद को लेकर फिलहाल किसी भी पक्ष में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। मगर कूटनीतिक तकाजे के साथ-साथ मानवीय पहलू से भी देखें, तो होर्मुज जलमार्ग को तत्काल खोलने की जरूरत है, अन्यथा वैश्विक पैमाने पर जिस तरह का ऊर्जा संकट खड़ा होगा

# मांगरोल में ऐतिहासिक कुश्ती दंगल संपन्न, 21 हजार की अंतिम कुश्ती में हरेंद्र पहलवान विजेता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के गांव मांगरोल में 4 अप्रैल शनिवार को मस्तराम बाबा के ताल पर ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। दंगल की शुरुआत भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मस्तेश्वर महादेव मंदिर के



महंत चंदा जी उपस्थित रहे। दंगल में कुश्तियों की इनामी राशि लड्डुओं से शुरू होकर 100, 200, 500, 1100, 2100, 3100, 4100, 5100, 11 हजार तक पहुंचते हुए फाइनल मुकाबला 21 हजार रुपए का आयोजित किया गया। रोमांचक अंतिम मुकाबले में हरेंद्र पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। वहीं, मांगरोल दंगल की विशेष बात यह रही कि पहली बार महिला पहलवानों ने भी हिस्सा लिया। महिला मुकाबले में हरियाणा की निर्जला कुशवाहा ने दिल्ली की निधि पहलवान को पराजित कर जीत हासिल की। इसके अलावा बंटी पहलवान विचोला और मोरोली से आए ऋषि पहलवान ने भी अपने दमदार दांव-पेंच से दर्शकों को रोमांचित किया। दंगल के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन व ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मांगरोल के सरपंच राकेश कुशवाह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कुंदन लोधी, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य छुट्टनलाल लोधी, मुन्ना बोहरे, रामकुमार बोहरे, पूर्व सरपंच नेत्रपाल लोधी, सोवरन लोधी, रविंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सौरभ कुशवाह, एदल सिंह लोधी, मनोज सोनी, कालू राजपूत, सुंदर सिंह दिवाकर, रोहित दिवाकर, आदित्य राठौर, ज्ञानप्रकाश शर्मा, कालू राजपूत, रोहित राठौर, मनीष पचौरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोटा में 11.90 करोड़ से बना आधुनिक जल संसाधन भवन लोकार्पित, कर्मचारियों को मिलेगा बेहतर कार्य वातावरण

जयपुर टाइम्स

**कोटा।** शहर के नयापुरा क्षेत्र में नवनिर्मित 'जल संसाधन भवन' का लोकार्पण रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना व पट्टिका अनावरण कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की



उपस्थिति रही। लोकार्पण के पश्चात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व मंत्री सुरेश रावत ने भवन का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से भवन के उपयोग, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी जानकारी ली। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, चीफ इंजीनियर जल संसाधन कोटा संभाग डी.आर. मीणा सहित विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। करीब 11.90 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस अत्याधुनिक भवन का निर्माण जल संसाधन विभाग के अभियंताओं व कर्मचारियों को बेहतर, सुव्यवस्थित और आधुनिक कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। भवन में भूतल सहित चार मंजिलों का निर्माण किया गया है, जिनमें सुव्यवस्थित कार्यालय कक्ष, मीटिंग हॉल, पेंट्री, स्टोर रूम तथा विद्युत कक्ष जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त भवन परिसर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट सुविधा एवं सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए चौड़ी सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। आधुनिक संरचना और सुविधाओं से युक्त यह भवन विभागीय कार्यों को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता को भी बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस भवन के निर्माण से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और समन्वय बढ़ेगा


# जन विश्वास (संशोधन) विधेयक चुनौतीभरा निर्णय

*सरकार का एक प्रमुख तर्क यह है कि यह विधेयक व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहन देगा। छोटे-छोटे नियम उल्लंघनों पर जेल का डर समाप्त होने से उद्यमियों को राहत मिलेगी और 'ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस' में सुधार होगा।यह तर्क अपने आप में उचित प्रतीत होता है। कोई भी निवेशक ऐसे वातावरण में काम करना नहीं चाहता जहाँ छोटी सी त्रुटि भी उसे आपराधिक मुकदमे में फँसा दे।यहाँ एक द्वंद्व भी उपस्थित है कि क्या यह सुविधा केवल 'ईमानदार व्यापारियों' के लिए है, या यह उन बड़ी कंपनियों के लिए भी एक रास्ता खोलती है जो नियमों को तोड़कर केवल जुर्माना भरकर आगे बढ़ जाना चाहती हैं? यदि जुर्माना एक 'व्यय' बन जाए, तो नियमों का पालन एक 'विकल्प' बन सकता है। यही वह बिंदु है जहाँ यह विधेयक आलोचना के घेरे में आता है।साधारण नागरिक के लिए यह विधेयक एक राहत के रूप में प्रस्तुत किया गया है। अब उसे मामूली उल्लंघनों के लिए जेल नहीं जाना पड़ेगा।यह निश्चित रूप से एक सकारात्मक परिवर्तन है। कानून का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, प्रताड़ना नहीं। विधेयक का एक और पक्ष भी है कि जब मामलों का निपटारा प्रशासनिक स्तर पर होगा, तो क्या आम नागरिक को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उतनी ही पारदर्शिता और निष्पक्षता मिलेगी जितनी अदालत में मिलती है?यदि व्यवस्था पारदर्शी और जवाबदेह नहीं रही, तो यह राहत धीरे-धीरे 'अनौपचारिक दबाव' में बदल सकती है।विपक्ष*

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहाँ कानून केवल शासन का उपकरण नहीं, बल्कि समाज के नैतिक मानदंडों का भी प्रतिबिंब होता है। समय के साथ यह भी देखा गया कि कानूनों की संख्या बढ़ती गई, धाराएँ जटिल होती गईं और दंड का स्वरूप इतना कठोर हो गया कि आम नागरिक के लिए 'कानून' एक संरक्षक से अधिक 'भय' का पर्याय बनता चला गया। इसी पृष्ठभूमि में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक सामने आता है, जो अपने नाम से ही एक नई मानसिकता का संकेत देता है–शासन भय से नहीं, विश्वास से चले। प्रश्न यह है कि क्या केवल कानूनों को नरम कर देने से विश्वास पैदा हो जाता है? या यह एक ऐसा प्रयोग है जिसमें सरलता और जवाबदेही के बीच संतुलन बिगड़ने का खतरा भी छिपा है? यही इस विधेयक की सबसे बड़ी जिज्ञासा और चुनौती है।जन विश्वास विधेयक का मूल उद्देश्य है–छोटे और तकनीकी अप राधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना। यानी, जहाँ पहले मामूली उल्लंघनों पर भी जेल की सजा का प्रावधान था, अब वहाँ आर्थिक दंड (जुर्माना) को प्राथमिकता दी गई है।

यह परिवर्तन केवल विधायी नहीं, बल्कि वैचारिक भी है। यह मान लिया गया है कि हर गलती 'अपराध' नहीं होती, और हर उल्लंघन के पीछे 'दुर्भावना' नहीं होती। कई बार नियमों की जटिलता, प्रक्रियाओं की अस्पष्टता या मानवीय त्रुटि भी कारणहोती है।इस प्रकार, विधेयक 'अपराधीकरण' की जगह 'अनुपालन' को केंद्र में लाता है।भारत की न्यायपालिका वर्षों से लंबित मामलों के बोझ से जूझ रही है। करोड़ों मुकदमे–जिनमें से एक बड़ी संख्या छोटे-छोटे मामलों की है–न्याय की गति को धीमा करते हैं।इस विधेयक के तहत ऐसे मामलों को अदालतों से हटाकर प्रशासनिक अधिकारियों के स्तर पर निपटाने की व्यवस्था की गई है। पहली दृष्टि में यह एक व्यावहारिक समाधान लगता है। अदालतों का समय बचेगा, न्याय की प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा।एक महत्वपूर्ण प्रश्न इएच भी उठता है कि क्या यह न्यायपालिका का बोझ कम करना है, या उसे प्रशासन के कंधों पर डाल देना है? अदालतें जहां विधिक प्रक्रिया और पारदर्शिता के अधीन काम करती हैं,वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के पास अधिक विवेकाधिकार होता है।यह विवेकाधिकार दक्षता भी ला सकता है और मनमानी का द्वार भी खोल सकता है।

सरकार का एक प्रमुख तर्क यह है कि यह विधेयक व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहन देगा। छोटे-छोटे नियम उल्लंघनों पर जेल का डर समाप्त होने से उद्यमियों को राहत मिलेगी और 'ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस' में सुधार होगा।यह तर्क अपने आप में



नफीस आफ़रीदी

उचित प्रतीत होता है। कोई भी निवेशक ऐसे वातावरण में काम करना नहीं चाहता जहाँ छोटी सी त्रुटि भी उसे आपराधिक मुकदमे में फँसा दे।यहाँ एक द्वंद्व भी उपस्थित है कि क्या यह सुविधा केवल 'ईमानदार व्यापारियों' के लिए है, या यह उन बड़ी कंपनियों के लिए भी एक रास्ता खोलती है जो नियमों को तोड़कर केवल जुर्माना भरकर आगे बढ़ जाना चाहती हैं? यदि जुर्माना एक 'व्यय' बन जाए, तो नियमों का पालन एक 'विकल्प' बन सकता है। यही वह बिंदु है जहाँ यह विधेयक आलोचना के घेरे में आता है।साधारण नागरिक के लिए यह विधेयक एक राहत के रूप में प्रस्तुत किया गया है। अब उसे मामूली उल्लंघनों के लिए जेल नहीं जाना पड़ेगा।यह निश्चित रूप से एक सकारात्मक परिवर्तन है। कानून का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, प्रताड़ना नहीं। विधेयक का एक और पक्ष भी है कि जब मामलों का निपटारा प्रशासनिक स्तर पर होगा, तो क्या आम नागरिक को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उतनी ही पारदर्शिता और निष्पक्षता मिलेगी जितनी अदालत में मिलती है?यदि व्यवस्था पारदर्शी और जवाबदेह नहीं रही, तो यह राहत धीरे-धीरे 'अनौपचारिक दबाव' में बदल सकती है।विपक्ष ने इस विधेयक को लेकर कई गंभीर प्रश्न उठाए हैं।सबसे प्रमुख आरोप यह है कि यह विधेयक कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देता है। उनका तर्क है कि बड़ी कंपनियों के लिए जुर्माना भरना कोई बड़ी बात नहीं है, इसलिए यह कानून उनके लिए 'सुरक्षा कवच' बन सकता है।दूसरी बड़ी आपत्ति यह है कि इतने बड़े पैमाने पर विभिन्न कानूनों में संशोधन एक साथ करना उचित नहीं है। हर कानून की अपनी प्रकृति और संवेदनशीलता होती है, जिसे अलग-अलग समझना जरूरी है। तीसरी चिंता यह है कि इस विधेयक से न्यायपालिका की भूमिका घटेगी और नौकरशाही का प्रभाव बढ़ेगा। इन आलोचनाओं को केवल राजनीतिक विरोध कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इनमें व्यवस्था के संतुलन से जुड़े गंभीर प्रश्न निहित हैं।

इस विधेयक का सबसे बड़ा जोखिम शायद कानूनी नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक है।जब समाज में यह धारणा बनने लगे कि 'गलती करो और जुर्माना भर दो ', तो कानून का नैतिक प्रभाव कम होने लगता है।कानून केवल दंड का भय नहीं, बल्कि एक सामाजिक अनुशासन भी स्थापित करता है। यदि यह अनुशासन कमजोर पड़ता है, तो नियमों का पालन 'आवश्यकता' नहीं, बल्कि 'सुविधा' बन जाता है।यह स्थिति विशेष रूप से उन क्षेत्रों में खतरनाक हो सकती है जहाँ नियमों का सीधा संबंध सार्वजनिक सुरक्षा, पर्यावरण या स्वास्थ्य से है। इस विधेयक का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह कई पुराने और कठोर कानूनों को नरम करता है, जिनकी जड़ें औपनिवेशिक काल में हैं।ब्रिटिश शासन में कानूनों का उद्देश्य जनता पर नियंत्रण रखना था, न कि उनकी सुविधा सुनिश्चित करना। आज के लोकतांत्रिक भारत में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि कानून नागरिकों के अनुकूल हों। इस दृष्टि से यह विधेयक एक आवश्यक सुधार के रूप में देखा जा सकता है।इस पूरे विमर्श का केंद्र एक ही प्रश्न है किक्या हम कानून को सरल बनाते हुए उसकी प्रभावशीलता बनाए रख सकते हैं? यदि कानून बहुत कठोर हो, तो वह दमनकारी बन जाता है।बहुत नरम हो, तो वह अप्रभावी हो सकता है।जन विश्वास विधेयक इसी संतुलन को खोजने का प्रयास है, लेकिन यह संतुलन स्थिर नहीं, बल्कि गतिशील होता है। इसे समय-समय पर समीक्षा और सुधार की आवश्यकता होगी।

जन विश्वास (संशोधन) विधेयक एक साहसिक कदम है। यह स्वीकार करता है कि हर नागरिक अपराधी नहीं है और हर गलती को जेल से नहीं सुधारा जा सकता। यह एक ऐसे भारत की कल्पना करता है जहाँ शासन नागरिकों पर भरोसा करता है। लेकिन विश्वास केवल कानून बदलने से नहीं आता बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता से बनता है।

यह विधेयक यदि इन मूल्यों के साथ लागू होता है, तो यह वास्तव में एक सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकता है।यह यदि केवल दंड को कम करने तक सीमित रह गया, तो यह व्यवस्था में एक नया असंतुलन भी पैदा कर सकता है।यह विधेयक हमें एक गहरी बात सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम एक ऐसे समाज के लिए तैयार हैं जहाँ कानून हमें डराकर नहीं, बल्कि हम पर भरोसा करके चलाया जाए? यही इस विधेयक की सबसे बड़ी परीक्षा और शायद सबसे बड़ी विडंबना भी है।

# बेमौसम बारिश का कहर: किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

*इसी प्रकार हरियाणा और पंजाब में भी ओलावृष्टि तथा तेज आंधी-बारिश ने भारी नुकसान पहुँचाया है। इन राज्यों में भी गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार में कीमतों पर भी असर पड़ने की आशंका है। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि राजस्थान के जयपुर से जैसलमेर तक कई जिलों में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि दर्ज हुई।बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में भी इसका असर देखने को मिला।कई स्थानों पर बड़े आकार के ओले (नींबू जितने) गिरे, जिससे फसलों और मकानों को नुकसान हुआ। इसी तरह से पंजाब राज्य में गरज-चमक के साथ बारिश और कई स्थानों पर ओले गिरने की पुष्टि हुई है तथा 3-5 अप्रैल के दौरान ओलावृष्टि*

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहाँ आज भी बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है। दूसरे शब्दों में, भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है।



सुनील कुमार महला

यहाँ कृषि मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है, इसलिए इसे अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है।मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वास्तव में, यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के लिए उनके पूरे वर्ष के परिश्रम और आशाओं के साकार होने का होता है। लेकिन विडंबना यह है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तैयार खड़ी फसलें खेतों में ही नष्ट हो रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल उनकी आजीविका को प्रभावित करती है, बल्कि कृषि क्षेत्र की अनिश्चितता को भी उजागर करती है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान में उत्तर भारत के कई हिस्सों में बेमौसम मौसम का कहर देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थीं, अचानक गिरे ओलों और बारिश की मार से बर्बाद हो गईं। कई स्थानों पर ओलों की मोटी परत ने खेतों को सफेद चादर से ढक दिया, जो किसानों के लिए किसी प्राकृतिक आपदा से कम नहीं है।इसी प्रकार हरियाणा और पंजाब में भी ओलावृष्टि तथा तेज आंधी-बारिश ने भारी नुकसान पहुँचाया है। इन राज्यों में भी गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार में कीमतों पर भी असर पड़ने की आशंका है। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि राजस्थान के जयपुर से जैसलमेर तक कई जिलों में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि दर्ज हुई।बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में भी इसका असर देखने को मिला।कई स्थानों पर बड़े आकार के ओले (नींबू जितने) गिरे, जिससे फसलों और मकानों को नुकसान हुआ। इसी तरह से पंजाब राज्य में गरज-चमक के साथ बारिश और कई स्थानों पर ओले गिरने की पुष्टि हुई है तथा 3-5 अप्रैल के दौरान ओलावृष्टि की चेतावनी और असर, विशेषकर मालवा-दोआबा क्षेत्रों में देखने को मिला।हरियाणा में भी 3-4 अप्रैल को तेज हवाएं, बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई। वहीं उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ओलावृष्टि दर्ज हुई तो कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा सहित पश्चिमी यूपी के कई जिलों में भी इसका असर देखने को मिला। 3-5 अप्रैल के बीच पश्चिमी यूपी और 4-5 अप्रैल को पूर्वी यूपी में ओलावृष्टि की स्थिति देखने को मिली। उत्तराखंड के चकराता क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ तथा 3-7 अप्रैल के बीच पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश के साथ ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तथा 3-4 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर ओले गिरने की चेतावनी और घटनाएं हुईं।इसी प्रकार से जम्मू-कश्मीर के मैदानी क्षेत्रों में बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तथा 4-9 अप्रैल के बीच गरज-चमक, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई।विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि उनकी आजीविका पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है। वास्तव में, देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसी स्थिति में किसानों को समय पर मुआवजा, फसल बीमा का लाभ और सटीक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनके नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सके।दिन-रात मेहनत करने के बाद भी यदि किसान को उसका उचित फल न मिले, तो उसका दर्द वही समझ सकता है जिसने उसे झेला हो। वर्तमान परिस्थितियों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की इसी मेहनत को प्रभावित किया है। पंजाब सहित कई राज्यों में गेहूं की फसल पकने के अंतिम चरण में है, और ऐसे समय में खराब मौसम से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। यह स्थिति विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए अत्यंत चिंताजनक है, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर होती है। गौरतलब है कि आज भी देश के अधिकांश किसानों के पास सीमित संसाधन हैं, ऐसे में फसल खराब होने पर उनका आर्थिक संतुलन बिगड़ना स्वाभाविक है। यद्यपि सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं, फिर भी इनका लाभ हर जरूरतमंद किसान तक पहुँचना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। हाल फिलहाल, बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय माना जाता है। लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो उत्पादन में कमी आएगी, जिसका प्रभाव न केवल किसानों की आय पर पड़ेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। इस गंभीर परिस्थिति में कृषि विशेषज्ञों को ऐसी उन्नत तकनीकों का विकास करना चाहिए, जो बदलते मौसम के अनुसार फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, सरकार को प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करना चाहिए और अगली फसल के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी आवश्यक है, ताकि किसानों की उपज सुरक्षित रह सके और उन्हें उचित मूल्य मिल सके। अंत में संक्षेप में यही कहूंगा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक अनिश्चितताओं के बीच संघर्ष कर रही है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और उन्नत कृषि तकनीकों का विकास ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी मार्ग बन सकता है।

# स्टालिन का हिंदी विरोध

इस पर आश्चर्य नहीं कि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव निकट आते ही मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी विरोध का पुराना और विभाजनकारी राग फिर छेड़ दिया। उन्होंने अपना यह पुराना आरोप फिर मढ़ा कि केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति के तहत तमिलनाडु में हिंदी थोपना चाहती है। यह साफ है कि उन्होंने चुनाव के चलते लोगों की भावनाएं भड़काने के लिए हिंदी थोपने के आरोप को जानबूझकर उछाला है। इसे भांपते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहकर उन्हें उचित ही बेनकाब किया कि वे हिंदी थोपने का नैरेटिव अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए कर रहे हैं और जानबूझकर त्रिभाषा फार्मूले की गलत व्याख्या कर रहे हैं। स्टालिन सच में ऐसा ही कर रहे हैं, क्योंकि नई शिक्षा नीति के



त्रिभाषा फार्मूले में तो हिंदी को अनिवार्य किया ही नहीं गया। तमिलनाडु में तमिल अस्मिता के नाम पर हिंदी विरोध की जड़ें बहुत पुरानी हैं। चूंकि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से इन जड़ों को जानबूझकर सींचा गया, इसलिए एक समय वहां हिंदी विरोध के नाम पर हिंसा भी हुई। हालांकि समय के साथ तमिलनाडु के लोगों में हिंदी के प्रति विरोध का भाव तिरोहित हो गया है, पर कुछ दल और विशेष रूप से डीएमके उसे संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के चलते रह-रहकर उभारती रहती है। अब यह तमाशा चलने वाला नहीं है, क्योंकि तमिलनाडु के साथ अन्य अहिंदी भाषी राज्यों की जनता हिंदी की सामर्थ्य एवं उसकी उपयोगिता से भली तरह परिचित है और वह उसे स्वेच्छा से अपना भी रही है। इसका कारण हिंदी का देश की सबसे प्रभावी संपर्क भाषा के रूप में विकसित होना है। हिंदी वह धागा है, जिसमें सभी भारतीय भाषाएं गुंथी हुई हैं। हिंदी का किसी भाषा से बैर-विरोध नहीं। वह सब भारतीय भाषाओं की सखी-सहयोगी है। वह राष्ट्रीय एकता की वाहक भी है। देश के हर हिस्से और यहां तक कि तमिलनाडु के लोग भी हिंदी समझते हैं और उसकी महत्ता भी जान रहे हैं। स्टालिन वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण अपने लोगों को कितना भी बरगलाएं, तथ्य यह है कि तमिलनाडु में बड़ी संख्या में हिंदी भाषी कामगार रहते हैं। उनके तमाम नियोक्ता उनसे हिंदी में संवाद करने की कोशिश करते हैं। कुछ ने उनसे वार्तालाप के लिए हिंदी बोलने वाले जानकार भी रख रखे हैं। स्टालिन का हिंदी विरोध इसलिए परवान नहीं चढ़ने वाला, क्योंकि तमिलनाडु की जनता इससे अवगत है कि केंद्र सरकार किस तरह तमिल भाषा को बढ़ावा देने वाले तमिल संगमम जैसे आयोजन कर रही है।

## एसआई भर्ती परीक्षा प्रथम पारी समाप्त, 6360 अभ्यर्थी शामिल



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं में आरपीएससी की ओर से आयोजित उपनिरीक्षक व प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण रूप से शुरू हुई। कस्बे के 7 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 6360 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। प्रथम पारी में हिंदी विषय का प्रश्नपत्र सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित किया गया। यह पारी शांतिपूर्वक समाप्त हुई। हालांकि एक परीक्षा केंद्र पर कुछ अभ्यर्थी सही लोकेशन नहीं मिलने के कारण देरी से पहुंचे। इस कारण से वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके जिससे उनमें नाराजगी देखी गई। वही दूसरी पारी में सामान्य विज्ञान का पेपर दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहे। थाना प्रभारी हरबेंद्र सिंह ने सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यार्थियों की लंबी लाइनें देखी गई। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और सभी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस और प्रशासन की सख्त कार्रवाई से प्रथम पारी की परीक्षा और द्वितीय पारी की परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्वक की गई।

## मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** उपखंड क्षेत्र के जयसिंहपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा में 95.40' अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप करने वाले वाले विद्यार्थी राहुल यादव 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी भारती यादव को सम्मानित किया गया।

समारोह में पंचायत समिति गोविंदगढ़ के प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व सरपंच श्रवणकुमार यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रीति पारीक और समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। विद्यार्थियों की सफलता को अनुकरणीय बताया कार्यक्रम के दौरान रामनारायण यादव ने विद्यार्थियों को मिठाईयां वितरित की। सम्मान समारोह के पश्चात विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गांव के प्रमुख मार्गो पर डीजे के साथ रैली निकाली गई। ग्रामीणों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यापिका सुमन देवी यादव ने टॉपर विद्यार्थियों को 500, 500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। व्याख्याता राकेश कुमार सोनी ने चांदी के राधाकृष्ण का फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया।

## गांव चौपाल मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का अभियान तेज

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बापूगांव में मजदूरों को सशक्त बनाने के लिए रविवार को राजस्थान असंगठित निर्माण व मजदूर संघ इंटक ब्लॉक कोटखावदा की ओर से बड़ा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव-गांव चौपाल लगाकर हम मजदूरों से संवाद कर रहे हैं



और उन्हें सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। इस विशेष अभियान के तहत मजदूरों को राज्य सरकार की योजना पेंशन योजना राशन कार्ड ई श्रम कार्ड कन्यादान योजना व श्रमिक कार्ड से मिलने वाली योजना के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। वही पर ही पात्र मजदूरों का पंजीकरण करवाया जा रहा है और आवश्यक दस्तावेज की जानकारी भी दी जा रही है। इंटक ब्लॉक अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा का कहना है कि कई बार जानकारी के अभाव में मजदूर योजना का लाभ नहीं ले पाते हैं। हमारा एक ही उद्देश्य है कि हर गांव हर घर तक सही सूचना पहुंचे और कोई भी पात्र मजदूर योजना से वंचित न रहे। अभियान के दौरान इंटक ब्लॉक के पदाधिकारी सक्रिय हैं। इस अभियान में ब्लॉक उपाध्यक्ष संपत लाल शर्मा, बाबूलाल सैनी, नमो नारायण मीणा, किशन जाट, रामलाल सहित कई मजदूर शामिल हुए।

## देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित, 22 अप्रैल तक आवेदन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** विश्व संवाद केंद्र, जयपुर की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान 2026 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं समाजहित में किए गए कार्यों के लिए चयनित पत्रकारों को देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। विश्व संवाद केंद्र के निदेशक डॉ. ईश्वर बैरागी ने बताया कि यह सम्मान प्रांत स्तरीय होगा, जिसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और न्यू मीडिया (डिजिटल/सोशल मीडिया) से जुड़े पत्रकार भाग ले सकते हैं। इच्छुक पत्रकार निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। पुरस्कार के लिए वही कार्य मान्य होंगे, जो 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच किए गए हों। उन्होंने बताया कि आवेदक का कार्यक्षेत्र जयपुर प्रांत के अंतर्गत आने वाले जिले– सीकर, चूरू, झुंझुनूं, अलवर, खैरथल- तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, टोंक और जयपुर होना आवश्यक है। आवेदन करते समय पत्रकारों को अपने दो सर्वश्रेष्ठ और मौलिक कार्यों की जानकारी देनी होगी, साथ ही पेपर कटिंग, वीडियो लिंक या अन्य प्रमाण भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है। देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें 'भारत की समृद्धि का मार्ग: स्वदेशी का उपयोग', 'पर्यावरणपरक भारतीय जीवन शैली', 'समरस समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका', 'बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवार का महत्व' तथा 'युवा और पंच परिवर्तन' जैसे विषयों पर लेख आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक विषय में एक सर्वश्रेष्ठ लेख को नकद पुरस्कार दिया जाएगा ।

# एसजीआर स्कूल का शानदार परिणाम, टॉपर्स के सम्मान में निकली जन-आशीर्वाद यात्रा

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं क्षेत्र में शिक्षा के प्रति उत्साह और सम्मान का अनोखा उदाहरण देखने को मिल रहा है। उदयपुरिया स्थित एसजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद टॉपर्स के सम्मान में निकाली जा रही जन-आशीर्वाद यात्रा इन दिनों पूरे इलाके में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पिछले तीन दिनों से लगातार गांव-गांव पहुंच रही यह यात्रा जन-उत्सव का रूप ले चुकी है। विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि के बाद स्कूल प्रबंधन ने मेधावी छात्रों के सम्मान में अनूठी पहल करते हुए यात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत



अणतपुरा- चिमनपुरा के प्रशासक बद्री प्रसाद यादव के नेतृत्व में की। यात्रा के दौरान टॉपर्स खुले वाहनों में पारंपरिक साफा पहनकर और फूल-मालाओं से सजे हुए ग्रामीणों का अभिवादन करते नजर आए। उदयपुरिया, ईटावा भोपजी, लोहरवाड़ा, अनंतपुरा, चिमनपुरा, रायसिंह का बास और गोविंदगढ़ सहित कई गांवों में इस यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा और तालियों की गूंज के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे माहौल उत्सव जैसा बन गया। परिणामों में तनिष्का यादव ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विमल चौधरी, रिलेश उदय, राधिका यादव, मनीष यादव और नितेश यादव ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में भी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से अभिनंदन किया गया। उन्हें साफा पहनाकर और मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक राजेंद्र यादव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्रबंध निदेशक सांवरमल यादव ने बताया कि विद्यालय पिछले 16 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। ग्राम पंचायत प्रशासक बद्री प्रसाद यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी उपलब्धियां पूरे समाज के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हजारीलाल यादव, महाविद्यालय प्राचार्य गोपाल लाल जाट, जिला पार्षद बीना देवी नगलिया, रघुवीर प्रसाद नगलिया, उपसरपंच सुरेंद्र पुजारी, बाबूलाल नगलिया, कानाराम, कजोड़मल डागर, पूर्व सरपंच जगदीश यादव, मोहन बराला, भगवान सहाय यादव, सुरजाराम जादम, शंकर शर्मा, कालूराम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### इंद्रेश बाल निकेतन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## उत्कर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** स्थानीय शिक्षण संस्थान इंद्रेश बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् हजारीलाल शर्मा ने की। अतिथियों के रूप में रामकथा वाचक महेश शर्मा, श्याम सलोना समिति अध्यक्ष मनीष गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, अनुराग शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, कैलाश तिवाड़ी, पूर्व पार्षद अलमुद्दीन नेता, डॉ.भीमसिंह उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बोर्ड परीक्षा 2026 में विद्यालय का परिणाम शानदार रहा कक्षा 12वीं कला छात्र अक्षित शर्मा ने 93' अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। कक्षा 10वीं: छात्र केशव कुमावत क्लास टॉपर रहे। कक्षा 5 वीं व 8वीं: बोर्ड परीक्षा में 80' से अधिक अंक प्राप्त कर '' ग्रेड लाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, गोल्ड मेडल, माला व साफा पहनाकर उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यप्रकाश पारीक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ राहुल कुमावत, माया शर्मा, पूजा कुमावत, राम सिंह, कोमल सेन,रीमा अग्रवाल, वैष्णवी जांगिड़, गुड्डु जांगिड़, कामिनी शर्मा, प्रणव तिवाड़ी, बलबीर सिंह, गिरिराज पाराशर सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक व नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

## प्रशिक्षण ही संगठन की वैचारिक नींव और कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता का आधार: रामलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चौमूं के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान- 2026' का रविवार को समापन हुआ। शिविर के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। 'वैचारिक अधिष्ठान' सत्र को संबोधित करते हुए रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की रीति-नीति, गौरवशाली इतिहास और अंत्योदय की संकल्पना ही हमारी वास्तविक शक्ति है। शर्मा ने कहा कि लोकमान्य तिलक के 'स्वराज' के सपने को आज हम 'सुराज' के माध्यम से साकार कर रहे हैं। ये प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व बनाते हैं, जिससे वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर सकें।' प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं ने महत्वपूर्ण सांगठनिक विषयों पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के साथ ही गुड्डु सैनी, रघुवीर चौधरी, सावरमल चौधरी, बादाम देवी वर्मा, अर्चना कुमावत, बजरंगलाल सोनी और पंकज मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्रों के दौरान सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यपद्धति कार्य विस्तार की दृष्टि और बूथ प्रबंधन जैसे तकनीकी व रणनीतिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 130 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया। शिविर में मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, कालूराम जाट, मोहनलाल सैनी, गोपीराम भोमाका, बाबूलाल कुमावत, रामावतार कुलदीप, गजेंद्र यादव, संदीप शर्मा, राहुल बागड़ा, राहुल चौबे, अनीता कुमावत, सुमन सैनी, अरविंद यादव, मातादीन अग्रवाल, सुनील उप्पल, मुकेश सैनी, रामरतन मुनीम, महेश सेरावत, संदीप भात्रा, सीएम खटिक, बाबूलाल राइ, सुनील गुलिया, विनोद गोदारा, रामस्वरूप नासना, आलोक जांगिड़, बलदेव टांक, धर्मेन्द्र बंजारा सहित शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रिंस करियर इंस्टीट्यूट में कीर्ति महोत्सव-2026 का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** शहर के राधास्वामी बाग स्थित प्रिंस करियर इंस्टीट्यूट में प्रतिभा सम्मान समारोह कीर्ति महोत्सव-2026 का सफल आयोजन किया गया। समारोह में 12वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था के टॉपर्स अनुष्का यादव 96.80 प्रतिशत, गुंजन वशिष्ठ 96.60 प्रतिशत, काजल कुमावत 96.40 प्रतिशत, चंचल कुमावत 95.80प्रतिशत, प्रभा सैनी 95.20 प्रतिशत, रितिका कुमावत 95 प्रतिशत, मुस्कान यादव, अर्चना सेन, अमीषा यादव, विशेषता यादव,साँझ जाट, सरोज यादव, अनुष्का डूडी, अंजली यादव, मोनिका यादव, रितु, नीरज, सिमरन, कंचन ,स्वीटी, तरुण, दीपिका, राजेश्वरी, हितेश, नावेद और सभी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश निठारवाल, व्याख्याता भूगोल सहरिया कॉलेज कालाडेरा और विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, रसायन विज्ञान व्याख्याता राजकीय महिला महाविद्यालय चौमूं ने शिरकत की। प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी और पीसीआई हेड राजवीर चौधरी ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह का मंच संचालन जयनल खान, ओमप्रकाश शेरावत ने किया। समारोह के दौरान पंकज शर्मा, कानाराम यादव, आरिफ खान, पवन शर्मा, अनित चौधरी, अतुल चौधरी, भरत सिंह, रामकिशन शर्मा, हनुमान गठाला, रमेश मान, अर्जुन डूडी, घनश्याम निठारवाल, संजय शर्मा, नरेंद्र शेखावत, कमल योगी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## टॉपर्स के सम्मान में निकाली रैली, 95' से अधिक अंक लाने पर छात्रा को मोटरसाइकिल



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** वैष्णो पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बेरी बांध की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य रैली का आयोजन रविवार को किया गया। रैली को लेकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रैली बेरी बांध से शुरू होकर मीरापुर फार्म, द्वारिकपुरा, दांतिल, सुंदरपुरा, पुरुषोत्तमपुरा एवं शुक्लावास सहित विभिन्न गांवों से होती हुई पुनः बेरी बांध पहुंची। इस दौरान टॉपर्स विद्यार्थियों का माला पहनाकर, साफा बंधवाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रामशरण गुर्जर ने बताया कि उनके संस्थान में जो भी विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करता है, उसे प्रोत्साहन स्वरूप मोटरसाइकिल भेंट की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष छात्र रिंकू यादव पुत्र मालीराम यादव को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोटरसाइकिल प्रदान की गई।इस अवसर पर सह निदेशक संतराम गुर्जर, मालीराम यादव, राधेश्याम योगी, तेजपाल योगी, मदनलाल यादव, रामेश्वर यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। वहीं राजेश खड़िया, शिवपाल सिंह, रामसिंह आर्य, सेडूराम योगी व मूलचंद कुमावत ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। रैली के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा।

## श्री खाटू श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट जयपुर का वार्षिकोत्सव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** श्री खाटू श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट जयपुर के तत्वाधान में नंदपुरी सोडाला में बड़ी धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया कौशिक ने बताया कि इस अवसर पर श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया। श्याम बाबा के भाभी दरबार में फूलों में इत्र की वर्षा की गई और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस अवसर पर गायक कलाकार गोपाल सेन अनिल बावरा महेंद्र सैनी मनीष शर्मा रामावतार शर्मा ने अपने सुमधुर भजनों से सबको नाचने पर मजबूर कर दिया। शाम को आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक सुरेंद्र सिंह चौहान, सचिव विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, अमित शर्मा, जगजीवन वर्मा, मोहनलाल शर्मा, गायत्री शर्मा, रवि शर्मा, नवल, गौतम, राधेश्याम बंजारा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जयपुर में घुमन्तु नारी सम्मान कार्ड योजना का शुभारंभ

### सैकड़ों महिलाओं को स्वरोजगार संसाधन व सैनिटरी पैड एटीएम की सौगात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** घुमन्तु जाति उत्थान न्यास, विश्व सारथी ट्रस्ट व वाइटलकेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चेतना बस्ती, जयसिंहपुरा खोर (दिल्ली रोड) में घुमन्तु नारी सम्मान कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक दुर्गादास की उपस्थिति रही।




आयोजन का नेतृत्व घुमन्तु जाति कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि विश्व सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन व ड्यूश बैंक अमेरिका के डायरेक्टर इंजीनियर पंकज सारस्वत ओझा के सहयोग से घुमन्तु समाज के बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार के विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए गए। इनमें गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बर्फ के गोले, नींबू पानी व सोडा, नारियल पानी, कुल्फी, आइसक्रीम, शीतल पेय के ठेले, जूट पॉलिश सामग्री, किराना सामान व खिलौनों से जुड़े रोजगार साधन वितरित किए गए। इसके साथ ही वाइटल केयर फाउंडेशन के चेयरमैन प्रवीण कुमार शर्मा के सहयोग से घुमन्तु समाज की बहन-बेटियों के लिए बस्ती में सैनिटरी पैड एटीएम मशीन स्थापित की गई। इस सुविधा के तहत महिलाओं को डिजिटल कार्ड प्रदान किए गए, जिनकी मदद से वे हर महीने मुफ्त सैनिटरी नेपकिन प्राप्त कर सकेंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करना और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों की आशंका को कम करना है। कार्यक्रम में रोजगार मेला व कार्ड वितरण की व्यवस्थाएं संदीप अग्रवाल 'झंडू' ने संभाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी नागरमल अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि आध्यात्मिक चिकित्सक तरुण माथुर और शरद खंडेलवाल उपस्थित रहे। इस दौरान बस्ती की सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बताया कि इस तरह की योजनाएं घुमन्तु समाज के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

# झुंझुनूं में कॉलेज गेट बंद होने पर रोने लगे कैंडिडेट्स: एसआई एग्जाम में दो मिनट की देरी में भी नहीं मिली एंट्री

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को दो पारियों में आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पुलिस और प्रशसन के लिए भी चुनौती बनी रही। झुंझुनू जिला मुख्यालय के आर आर (मोरारका) गर्वनमेंट कालेज के गेट के बाहर देरी से पहुंचे स्टूडेंट को वहीं पर रोक दिया गया। इस दौरान कैंडिडेट्स रोने भी लगे लेकिन नियमों के चलते किसी को भी एंट्री नहीं दी गई। वहीं एग्जाम सेंटर के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच स्टूडेंट्स को एंट्री दी गई। यहां तक की मेटल डिटेक्टर से बालों तक की जांच की गई। मोरारका कॉलेज के बाहर सुबह 10 बजे के बाद भी कैंडिडेट्सस भागते-दौड़ते परीक्षा देने पहुंचते दिखे। प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र का मेन गेट बंद कर दिया गया। तय समय से बाद पहुंचे कैंडिडेट्स की मिन्नतों के बाद भी एंट्री नहीं दी गई। एग्जाम सेंटर पर महज दो मिनट देरी से पहुंची साक्षी को सुरक्षाकर्मियों ने एंट्री देने से मना कर दिया। उसने सुरक्षाकर्मियोंसे हाथ जोड़कर एंट्री देने की रिक्वेस्ट की लेकिन गेट नहीं खुला। ऐसे ही गुढ़ागौड़जी के पंकज पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने आए थे लेकिन सेंटर पर 10:08 बजे पहुंचे। 8 मिनट की इस देरी के चलते उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया। परीक्षा देने आए निधि और संपत ने आपबीती बताइए कि कैसे वह सिर्फ 10-15 मिनट लेट हुए और उन्हें अंदर जाने की इजाजत नहीं मिली निधि और संपत भी परीक्षा केन्द्र पर 10 मिनट की देरी से पहुंचे थे। वहीं बिसाऊ के संपत प्रजापत भी चंद मिनटों के फासले से परीक्षा नहीं दे सके। गौरतलब है कि प्रशासन के सख्त निर्देश हैं कि तय समय से एक सेकंड की भी ढील नहीं दी जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर नहीं पहुंचना मतलब प्रवेश निषेध।



### फुल स्लीव्ज पर चली कैंची, आईडी की बारीकी से जांच:

फर्जी केंडिडेट्स को परीक्षा में बैठने से रोकने और नकल पर नकेल कसने के लिए इस बार सुरक्षा के और भी ज्यादा पुख्ता इंतजाम किए गए। जिले के सभी 46 केंद्रों पर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। परीक्षा केंद्रों पर ड्रेस कोड को लेकर कोई समझौता नहीं दिखा। प्रशासन ने केंद्रों के बाहर ही कैंची और चाकू का इंतजाम कर रखा था। जो कैंडिडेट्स पूरी बांह की कमीज और सूट पहनकर आए थे, कैंची से उनकी आस्तीनें काट दी गईं। गले, हाथों-पांवों में बांधे धागे, गहने, कानों की बालियां और पांव से जूते भी निकलवा लिए गए। केंडिडेट्स को सेंटर में प्रवेश देने से पहले मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। मूल पहचान पत्र और प्रवेश पत्र का बारीकी से मिलानकिया गया। इतनी सख्ती के बाद ही 'ग्रीन सिग्नल' दिय गया।

### फ्लाइंग टीम लगातार करती रही मुआयना:

जिले में परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए 8 फ्लाइंग टीमें तैनात की गई थीं। इन टीमों ने लगातार परीक्षा केंद्रों पर कैंडिडेट्स पर नजर रखी ताकि परीक्षा की गोपनीयता बनी रहे।

## एसआई भर्ती परीक्षा के प्रथम दिन 8920 में से 5045 ने ही आजमाया भाग्य



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित एसआई और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 30 केंद्रों पर हुई। चूरू में 21 और रतनगढ़ में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रविवार को हुई परीक्षा में पहली पारी में 8920 में 5045 तथा दूसरी पारी में 5021 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। वहीं 3875 और 3899 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। पहली पारी में 56.55 व दूसरी पारी में 56.28 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सोमवार 6 अप्रैल को भी परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले केंद्र में प्रवेश मिला। परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों से ही एंट्री दी गई। अभ्यर्थियों को नीले पेन, प्रवेश-पत्र, मूल फोटो युक्त पहचान पत्र और रंगीन फोटो सहित आधे आस्तीन की शर्ट या पतलून पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी मोबाइल की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों के नजदीक साईबर कैफे व ई-मित्र को बंद रखे गए।

## गीता पढ़ने के साथ लिखने में भी बच्चों ने दिखाया उत्साहः सिंघानिया




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज के बच्चों में रविवार को गीता पढ़ने के साथ-साथ गीता लिखने में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि प्रत्येक बच्चें पर फोकस किया जा रहा है। बच्चों की हैंड़ राइटिंग और शुद्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम भोजक, संजय सिंघानिया, हर्षित सोनी, दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी व पूनम शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नियमित अध्ययन के साथ-साथ बच्चों को जीवन जीने के जरूरी नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वंदना, कृतिका, कोमल, अंकिता, युधिष्ठिर, रिद्धिमा, मनस्वी, निहारिका, दामिनी, दिव्यम, वंशिका, हिमांशु, ईशा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया ने किया।

## कंप्यूटर व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के 50 विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय नगर श्री सभागार में निलयम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित कंप्यूटर व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के 50 छात्र-छात्राओं को शनिवार शाम एक कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. महेंद्र खारड़िया थे। वहीं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. तमन्ना शर्मा रही। कार्यक्रम में फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिष्ठा राव ने संस्था की विभिन्न गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी दी। सरला राव, लक्ष्मण सिंह व विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि सरकारी नौकरियां सीमित हैं, ऐसे में इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र खारड़िया ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, सफल होने के लिए निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा, लक्ष्मी कोठारी, शिव भगवान बजाज, धर्मवीर जाखड़, संदीप जांगिड़, श्याम सुंदर शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षक उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष कबीर सिहाग ने विडियो कॉल के माध्यम से सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोनी ने किया।

## फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित परशुराम भवन में दुलिया बास सेवा समिति की ओर से निःशुल्क फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें डॉ ज्योति एवं डॉ अंकित सांखला ने सेवाएं दीं। चिकित्सकों व उनकी टीम के सदस्यों यामिनी, पूनम रुचिका, जयश्री की ओर से लगभग 46 लोगों का उपचार किया गया। निवर्ततान पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शिविर में सक्षम तूनवाल, हरि चोटिया, परम प्रसाद, पंकज घासोलिया, लक्ष्मीनारायण, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, महावीर, पुनीत, पवन आदि ने सहयोग किया।

## दिव्यांग छात्र भागीरथ सिंह ने रचा इतिहास, 12वीं साइंस में 500 में से 500 अंक लाकर चौंकाया, शिक्षा मंत्री ने भी की 'सरप्राइज़' घोषणा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं विज्ञान संकाय (दिव्यांग श्रेणी) के परिणामों में बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ तहसील के पुन्दलसर निवासी भागीरथ सिंह ने वो कारनामा कर दिखाया है, जिसने प्रदेश के शैक्षिक क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। भारती निकेतन स्कूल के छात्र भागीरथ ने 500 में से 500 (100') अंक हासिल किए हैं। सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि भागीरथ के दोनों हाथ मुड़े हुए हैं, लेकिन उन्होंने अपनी लेखनी और मस्तिष्क की धार से असंभव को संभव कर दिखाया। मुड़े हुए हाथ... 100' अंक... अदम्य साहस की मिसाल भागीरथ सिंह (पुत्र श्री रामनारायण सिंह) की यह उपलब्धि साधारण नहीं है। दिव्यांग बच्चों को परीक्षा में 60 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाता है, लेकिन जिस सटीकता के साथ भागीरथ ने विज्ञान जैसे कठिन विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उसने बोर्ड के विशेषज्ञों को भी प्रभावित किया है। श्रीडूंगरगढ़ के इस लाल ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर बुलाकर किया सम्मान

इस ऐतिहासिक सफलता की गूँज जब राजधानी जयपुर पहुँची, तो प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वयं भागीरथ को अपने राजकीय आवास पर आमंत्रित किया। बधाई और अभिनंदन: मंत्री दिलावर ने भागीरथ का स्वागत करते हुए उनके आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम की सराहना की। बड़ी घोषणा: शिक्षा मंत्री ने घोषणा की कि 12वीं के बाद भागीरथ की आगे की शिक्षा का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मंत्री का संदेश: मदन दिलावर ने कहा कि 'दिव्यांगता को अपनी



कमजोरी न समझें, हिम्मत दिखाएं, आप दुनिया में सब कुछ कर सकते हैं। भागीरथ का अदम्य साहस पूरे राजस्थान के लिए गौरव है।'

### श्रीडूंगरगढ़ में जश्न: पुन्दलसर गाँव बना 'सेलिब्रिटी' हब

जैसे ही भागीरथ के 500 में से 500 अंक आने की खबर गाँव पहुँची, पूरे श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में दिवाली जैसा माहौल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भागीरथ ने केवल अपना नहीं, बल्कि पूरे बीकानेर संभाग का मान बढ़ाया है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार, राजस्थान के शिक्षा इतिहास में यह केवल दूसरी बार हुआ है जब किसी छात्र ने विज्ञान संकाय में 100' अंक अर्जित किए हों, वह भी विशेष योग्यजन श्रेणी में। भागीरथ की उत्तर पुस्तिकाओं को आदर्श के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अन्य छात्र भी सीख ले सकें। भागीरथ की कहानी केवल अंकों के बारे में नहीं है, बल्कि उस संघर्ष के बारे में है जो उन्होंने हर दिन अपने मुड़े हुए हाथों के साथ किया। उनकी यह जीत उन सभी विद्यार्थियों के लिए करारा जवाब है जो छोटी-छोटी बाधाओं से घबराकर पढ़ाई छोड़ देते हैं या तनाव में आ जाते हैं।

## अक्टूबर में सामूहिक शादी सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तेलियान वेलफेयर सोसाइटी सुजानगढ़ की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। बैठक में सभी ने एक राय होकर आगामी 25 अक्टूबर 2026 को नौवां सामूहिक शादी सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। सभी मेंबर्स ने एक राय होकर नई कमेटी का गठन करते हुए नए पदों पर नियुक्तियां दीं। जावेद खींची ने बताया कि सामूहिक शादी की परम्परा को आगे बढ़ाने व शादियों के नाम पर फिजूलखर्ची रोकने के लिए प्रत्येक वर्ष ये आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाए जा सकते हैं। बैठक के दौरान रोशन अली खींची, टिपू सुल्तान, महबूब अगवान, रफीक दैया, हमीद दैया, फारूक खिची, आरिफ भाटी, सुल्तान, बिलाल चौहान, हाकम अली अगवान, सत्तार चौहान, आरिफ पंवार, नौशाद खिची, हैदर खिची, अख्तर खिची, खलील दैया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## 10 अप्रेल को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में आगामी 10 अप्रेल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन गणेश मंदिर से किया जायेगा। सुभाष पारीक ने बताया कि लोहिया स्टेडियम से शाम को साढ़े 4 बजे से शोभायात्रा रवाना होकर घंटाघर, बस स्टैंड होते हुए नलिया बास में हुलासचंद, इंद्रचंद, ताराचंद तंवर के नोहरे में पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन पर शाम को विराट हिंदू धर्म सभा व भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या प्रकाशदास महाराज के सानिध्य में होगी व कार्यक्रम की मुख्य वक्ता काजल हिंदुस्तानी अहमदाबाद गुजरात से शिरकत करेंगी। शोभायात्रा, हिंदू धर्म सभा कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की गई है।

## रियाजत खान को कांग्रेस का सह प्रभारी बनाए जाने पर जताई खुशी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कांग्रेस नेता रियाजत खान को झूंझुनू जिला कांग्रेस का सह प्रभारी बनाए जाने पर मुहल्ले वालों ने उनके निवास पर जाकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व थानेदार अनवर खान फुटबाल संघ के शकील दुर्रानी बुजुर्ग आशाराम प्रजापत, हीरालाल प्रजापत, भगवाना राम प्रजापत, अमन ट्रस्ट के उस्मान अंसारी, कौम कुरैशीयान के सदर सत्तार खोकर, सलीम पावटे, अब्दुल हक, मोहम्मद अली, फारुक अंसारी, विश्वनाथ जांगिड़, राकेश शर्मा, आरिफ खान रिसालदार, विजेन्द्र सैनी, सद्दाम अंसारी आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर रियाजत खान ने गोविंद सिंह डोटासरा का आभार व्यक्त किया।

## 'ये लोग मुझे मार डालेंगे' मैसेज..15 मिनट बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** धनूरी थाना क्षेत्र के कोलिंडा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका 24 वर्षीय सबीना उर्फ सोनू पुत्री सलेमुद्दीन की शादी करीब ढाई वर्ष पूर्व इकरार खान के साथ हुई थी। मृतका के पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के समय उनकी हैसियत के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े और घरेलू सामान दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सबीना को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी प्रताड़ना के चलते उसकी हत्या की गई है और मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति इकरार खान भारतीय सेना की 16 ग्रेनेडियर्स यूनिट में कुपवाड़ा में तैनात है और हाल ही में छुट्टी पर घर आया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही धनूरी थाना पुलिस व डिप्टी हरि सिंह धायल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मलसीसर के उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद पीहर और ससुराल पक्ष के बीच तनाव बढ़ गया और कहासुनी के बाद मारपीट की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया। मृतका के पिता ने बताया कि बेटी की मौत की सूचना मिलने से करीब 15 मिनट पहले उसका मैसेज आया था, जिसमें उसने लिखा था 'ये लोग मुझे मार डालेंगे।' उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे शव लेने ससुराल पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## छप्पन भोग व भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री बालाजी विशाल धाम (पचेरी रोड, गोपाल की ढाणी) में धार्मिक आयोजन के साथ भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम धाम के पीठाधीश्वर राजेश जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें छप्पन भोग प्रसाद अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई और भक्तों ने केक काटकर उत्सव को अनूठे ढंग से मनाया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या व जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें संत आकाश गिरी महाराज, श्याम सुंदर वृंदावन व सुभाष गिरी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में गायक कलाकार विजेंद्र कसाना व मनीष यादव ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया, वहीं देव झांकियों ने आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर संदीप नेहरा (निदेशक, नोबल एजुकेशन ग्रुप) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट हरेश पंवार, मदनलाल, सूबेदार रोहिताश मान, गोविंद शर्मा, गुलजारीलाल, उदय सिंह, दिलीप, सांवरमल, अभिषेक शास्त्री, संजय गंगाखेड़ी, विनोद शर्मा, संदीप शर्मा, राजेश सेन, सुशील सेन, सत्य प्रकाश, होशियार सिंह, आशा रानी व रवि शर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट हरेश पंवार ने प्रभावी रूप से किया। उन्होंने अपने संबोधन में आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि संदीप नेहरा ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को भोजन और पानी की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार आत्मा को भी




आध्यात्मिक खुराक की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि मन को नियंत्रित करने के लिए ज्ञान, ध्यान और विज्ञान जरूरी है, जबकि इन सबको संतुलित रखने के लिए आत्मबल आवश्यक है, जो केवल आध्यात्मिक चेतना से प्राप्त होता है। उन्होंने समाज को कुरीतियों व दुर्व्यसनों से दूर रखने हेतु आध्यात्मिक जागरूकता को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर धाम के पीठाधीश्वर राजेश महाराज ने कहा कि आस्था का धन सदैव सर्वकल्याण में लगाना चाहिए और अपने व्यक्तिगत जीवन में खर्च के लिए मेहनत की कमाई का ही उपयोग करना चाहिए।' उन्होंने लालसा, तृष्णा और धन के अंधाधुंध मोह को परिवार व समाज में विघटन का मुख्य कारण बताते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का समय संस्कारविहीनता की ओर बढ़ रहा है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। युवाओं को केवल डिग्री आधारित शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, विचार और नैतिक मूल्यों से भी सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे बच्चों को 'डिग्री की फैक्ट्री' का उत्पाद न बनाकर उन्हें सशक्त, संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनाएं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों के प्रति भी जागरूकता का संदेश दिया।

## भगवती देवी मिश्र का निधन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचन्द्र मिश्र की पत्नी भगवती देवी मिश्र का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह जैन औषधालय के पास स्थित निज आवास से निकाली जायेगी। रविवार को दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। भगवती देवी 103



वर्ष की थीं और पांच पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। पं. गिरीशचन्द्र मिश्र हिन्दी के जाने माने कवि रहे हैं। उनकी कविता - कवि उठो कर्तव्य वेला.... देशभर में काफी चर्चित रही। इसके साथ ही साहित्यकार, लेखक भी पं. गरीशचन्द्र मिश्र रहे। अनेक भजन उन्होंने लिखे और गिरीश रामायण, हनुमान मंगल कंवच की रचना भी की थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर जिला (चूरू)

क्रमाकं- ग्रा.प.का./खु.बो.नी.सु./ 2026-27/01-04 दिनांकः- 01-04-2026

### खुली बोली नीलामी सुचना

ग्राम पंचायत कातर छोटी में निम्नलिखित ईंट-खरंजो की सामग्री(जैसी मौके पर स्थित है उसी स्थिति में) की नीलामी हेतु खुली बोली का आयोजन किया जायेगा।

1. ईण्ट खरंजा नरपतसिंह के घर से शेरसिंह तक कातर बड़ी
2. खुली ईन्ट तहसील भवन पुराना की चार दिवारी में कातर छोटी

इन भवनो तथा ईंट खरंजो की सम्पुर्ण सामग्री की नीलामी के लिए ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत भवन पर खुली बोली का आयोजन किया जायेगी। जिसमे इच्छुक बोली दाता खुली बोली लगाकर नीलामी मे भाग ले सकेगा।

**नोटः- नियम व शर्ते**

9. नीलामी हेतु आवेदन दिनांक 6/4/2026 को प्रातः 10.30 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन लिए जायेंगे।
10. सामग्री की नीलामी दिनांक 6-4-2026 को 1.00PM से 2.30PM तक होगी।
11. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ 200/- जमा करवाने होगें ।
12. यह कि उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता के नाम से नीलामी छोडी जायेगी।
13. जिसके नाम बोली छूटेगी उसे मौके पर ही नीलामी की 30 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी तथा शेष राशि अगले दिन को जमा करवानी होगी।

नीलामी का समस्त अधिकार क्षेत्र ग्राम पंचायत कमेटी को होगा।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कातर छोटी**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**

## पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवनराम की 119 वीं जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग जालोर की ओर से रविवार सुबह 11 बजे समता दिवस पर भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम की 119 वी जयंती का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबू जगजीवनराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए गए मार्गों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आगामी 12 अप्रेल को दिल्ली में आयोजित होने वाली 'रन फॉर अम्बेडकर, रन फॉर संविधान' मैराथन के सम्बन्ध में जिला स्तर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा कर योजना तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, एससी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, महिला प्रदेश सचिव गीताश्री मेघवाल, कपुराराम परिहार, उम्मेद सिंह चारण, गेमाराम दहिया, सांवलाराम बेरठ, रविन्द्र मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा का दीपदान, घर-घर झंडा फहराने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि दीपदान भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसका उद्देश्य अज्ञानता का नाश कर ज्ञान और सकारात्मकता का प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सभी मंडलों में स्थापना दिवस मनाया जाएगा, वहीं दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय धौलपुर पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिसंबर दयाल शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, जिला परिषद सदस्य बाचाराम बघेल, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, रविंद्र सिंह हतवारी, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, जिला परिषद सदस्य दीपचंद कुशवाहा, बी.के. कुशवाहा, युवा नेता राहुल राणा, अनमोल बंसल, दिनेश कुशवाहा, पंकज शर्मा, के.के. शर्मा, सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जाटोली में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ का स्वागत समारोह, संगठन मजबूती का लिया संकल्प



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विधानसभा क्षेत्र के जाटोली गांव में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की ओर से रविवार को भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला उपाध्यक्ष अंकित सोनी की ओर से किया गया, जो ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बू लौधा, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गुड्डू लोधा, दीपक सक्सेना सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामधन गुर्जर, कालीचरण, रामरक्षण कुशवाहा, योगेश तमौरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने तथा कांग्रेस की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को कांग्रेस संगठन की एकता और मजबूती का प्रतीक बताते हुए अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सफल आयोजन के लिए अंकित सोनी का आभार व्यक्त किया।

## धौलपुर में एसआई/प्लाटून कमांडर परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 16 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 5 एवं 6 अप्रेल को 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। पहले दिन रविवार को परीक्षा शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में परीक्षा की समुचित व्यवस्था की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में पुलिस बल लगातार सक्रिय रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 3055 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1372 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 3050 परीक्षार्थी उपस्थित व 1377 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान स्वयं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी उनके साथ मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर के होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं की सघन जांच की गई। साथ ही मोबाइल पुलिस टीमों की ओर से लगातार गश्त की गई तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा साइबर सेल, सोशल मीडिया टीम और जिला विशेष शाखा की ओर से परीक्षा के दौरान नकल, अफवाह या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात कर फ्रिस्किंग के बाद ही अभ्यर्थियों व स्टाफ को प्रवेश दिया गया।

# पोयणा में भरेगा अम्बे माताजी का वार्षिक मेला, तैयारियां जारी

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती पोयणा गांव स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र श्री अम्बे माताजी मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले को लेकर इन दिनों पूरे क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। माताजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में 21 व 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले दो दिवसीय इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां अब तेजी से अंतिम रूप ले रही हैं। गांव का वातावरण पूरी तरह भक्ति और उल्लास के रंग में रंगता नजर आ रहा है। आयोजन के तहत 21 अप्रैल को विशाल भजन संध्या तथा 22 अप्रैल को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों व शहरों से हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। इसके साथ ही हवन-यज्ञ व भव्य वरघोड़ा आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाएंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। गांव के युवा, बुजुर्ग व महिलाएं पूरे समर्पण के साथ आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। मेला स्थल पर व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, वहीं मंदिर परिसर, मार्गों व आसपास के क्षेत्रों को आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सुसज्जित किया जा रहा है। भव्य स्वागत द्वार और सजावट से पोयणा गांव इन दिनों एक धार्मिक उत्सव स्थल के रूप में निखरता नजर आ रहा है। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, विद्युत, बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन व यातायात नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। समिति का कहना है कि इस बार मेले को पहले से कहीं अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने का संकल्प लिया गया है।

### यह होंगे कार्यक्रम आकर्षण:

इस धार्मिक आयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य भजन संध्या होगी, जिसमें प्रदेश के ख्यातिप्राप्त भजन गायक- गायिका अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर करेंगे। इसके अलावा माताजी, भैरव व हनुमानजी की जीवंत झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग और उत्साह से पूरे गांव में आयोजन को लेकर अलग ही माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति लगातार बैठकों के माध्यम से व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही है, ताकि किसी प्रकार की कमी न रह जाए और हर श्रद्धालु को बेहतर अनुभव मिल सके। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से भावपूर्ण आह्वान किया है कि वे अधिकाधिक संख्या में सपरिवार पधारकर इस भव्य धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें, भक्ति की पावन धारा में डूबें और अम्बे माताजी का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# सिरोही के वेराराम पूरा में गंदगी और जलभराव से हालात बदतर

### 5 साल से मूलभूत सुविधाओं का अभाव

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/शिवगंज।** सिरोही जिले के शिवगंज तहसील क्षेत्र स्थित वेराराम पूरा गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। गांव में गंदगी, जलभराव और अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले करीब पांच वर्षों से विकास कार्य नहीं होने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पानी की टंकी के आसपास गंदगी, जल संकट गहराया

ग्रामीणों के अनुसार गांव की पानी की टंकी के आसपास गंदगी जमा है, जिससे पानी भरने में दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर कीचड़ और कचरे के कारण हालात अस्वच्छ बने हुए हैं। महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव की कई गलियों में लंबे समय से पानी भरा हुआ है। निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।



### जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप:

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चुनाव के समय किए गए वादों के बावजूद विकास कार्य नहीं हो पाए हैं।

जयपुर टाइम्स खबर का बड़ा असर

# अवैध स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा, 2 महिलाएं डिटेन, मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** अवैध गतिविधियों को लेकर दैनिक जयपुर टाइम्स में प्रकाशित खबर का असर सुमेरपुर में तुरंत देखने को मिला। खबर प्रकाशित होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और तखतगढ़ रोड स्थित एक स्पा सेंटर पर दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, सिटी पुलिस थाना अधिकारी सवाई सिंह के साथ पुलिस टीम ने 'लवली स्पा सेंटर' पर छापा मारकर मौके पर जांच की, जहां से दो महिलाओं को डिटेन किया गया। यह पूरी कार्रवाई थानाधिकारी सवाई सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामले की गहन जांच जारी है और आगे कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### कांग्रेस नेता मेवाड़ा ने प्रशासन पर दागे थे गोले:

इस पूरे मामले को लेकर दो दिन पूर्व ही पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा ने शहर में संचालित अवैध स्पा सेंटरों पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए कहा था कि शहर में खुलेआम अवैध गतिविधियां चल रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। वहीं, सूत्र बताते हैं कि हाल ही में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि शहर में संचालित अवैध स्पा सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके बाद पुलिस की सक्रियता तेज हुई और यह कार्रवाई सामने आई। पुलिस की इस दबिश के बाद शहर में संचालित अन्य स्पा सेंटरों में हड़कंप मच गया है। कई स्थानों पर संचालकों ने आनन-फानन में अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि लंबे समय से इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पहले ही सख्ती दिखाई जाती तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। अब आमजन की नजरें प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं—क्या यह अभियान यहीं तक सीमित रहेगा या पूरे शहर में बड़े स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

# 60 साल में ठप रहा विकास, अब मिली रफ्तार, नीरजा शर्मा का कांग्रेस पर तीखा हमला

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कांग्रेस शासनकाल, स्थानीय विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोलते हुए क्षेत्र के विकास को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकारों ने राजाखेड़ा क्षेत्र को लंबे समय तक पिछड़ा बनाए रखा, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को गति दी है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्षों तक क्षेत्र की राजनीति करने के बावजूद ठोस विकास कार्य नहीं किए। उन्होंने स्थानीय विधायक रोहित बोहरा पर जनता के साथ धोखा करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता डर के माहौल में जीने को मजबूर है। भाजपा नेत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि माता लाठ वाली और रेहना वाली माता क्षेत्र के विकास के लिए बजट स्वीकृत किया गया है। मनिया से मरैना तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। जारह और अंबिका फीडर निर्माण कार्य जारी है, जिससे किसानों को स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही कृषि उपज मंडी की स्थापना से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी। चंबल लिफ्ट परियोजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुई थी, लेकिन कांग्रेस शासन में इसकी गति धीमी पड़ गई। वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को फिर से तेज किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक जातिवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति होती रही, जबकि रिको एरिया जैसी योजनाएं केवल घोषणाओं तक सीमित रहीं। उन्होंने विधानसभा में स्थानीय विधायक के आचरण पर भी सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताया। नीरजा शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास कार्य किए हैं और प्रशासन को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए देश के विकास का उल्लेख किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चाणौद ग्राम पंचायत को मिली विकास कार्यों की सौगात, मंत्री कुमावत ने किए शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने रविवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चाणौद में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में लापरवाही नहीं बरती जाए, जिससे आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। मंत्री कुमावत ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा केंद्र, राज्य सरकार व विधायक निधि से निरंतर कार्य कराए जाएंगे। ग्राम पंचायत मुख्यालय चाणौद स्थित चिकित्सालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री कुमावत ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें अस्पताल परिसर में विधायक कोष से 10 लाख रुपए की लागत से रंगीन ब्लॉक निर्माण, बड़ी स्कूल में सांसद कोष से 7 लाख रुपए की लागत से रंगमंच निर्माण तथा जिला परिषद कोष से 10 लाख रुपए की लागत से महाराणा प्रताप चौक से रैलिया मार्ग तक नाला निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार चाणौद के बालिका विद्यालय में 2.5 लाख रुपए की लागत से ओपन जिम स्थापना, मीणों की ढाणी में 38 लाख रुपए की लागत से 50 केएल क्षमता के उच्च जलाशय निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही दाहियों के बास में 2.5 लाख, सिपाहियों के बास में 4.5 लाख, ब्रह्मपुरी में 4 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण और रामदेव मंदिर परिसर में 3.5 लाख रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

### हाई लेवल ब्रिज सहित सड़क कार्यों का शुभारंभ:

मंत्री कुमावत ने राज्य बजट वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 10 करोड़ रुपए की लागत से चाणौद-गिरवर सड़क पर प्रस्तावित हाई लेवल ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 की स्थायी मरम्मत योजना के तहत 18 लाख रुपए की लागत से चाणौद-शाकम्भरी माताजी सड़क पर पाइप पुलिया निर्माण तथा एनएच-62 से आकदड़ा गांव तक 46 लाख रुपए की लागत से दो किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया गया।







### चाणौद बांध की मरम्मत पर 5.25 करोड़ खर्च होंगे:

मंत्री कुमावत ने चाणौद बांध के मरम्मत कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि लगभग 5.25 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इस कार्य का उद्देश्य बांध को सुदृढ़ बनाकर किसानों को बेहतर जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह कार्य जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह गलथनी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि महिराज सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, पूर्व उप प्रधान जगत सिंह, हनुमान सिंह भाटी, ग्राम पंचायत प्रशासक जरावी देवी, इंद्र सिंह जाखोड़ा, शंकर सिंह राजपुरोहित, मुकेश मोदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सहेली के निधन के सदमे में दूसरी की भी मौत, एक ही चिता पर अंतिम संस्कार

**सुमेरपुर/तखतगढ़।** कस्बे के नागचौक स्थित देवासियों की गली में रविवार को दो सहेलियों की अनोखी दोस्ती की भावुक घटना सामने आई। यहां रहने वाली बुजुर्ग महिला जेठीबाई पत्नी मालाराम कलबी का निधन हो गया। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही उनकी पड़ोसी और घनिष्ठ सहेली भीखीबाई पत्नी भूराराम कलबी गहरे सदमे में चली गईं और कुछ समय बाद उन्होंने भी दम तोड़ दिया। दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी मित्रता थी और मोहल्ले में उन्हें 'एक ही जान के दो जिस्म' कहा जाता था। एक ही दिन में दोनों के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। दोपहर बाद दोनों की शवयात्राएं एक साथ निकाली गईं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्मशान घाट पर परिजनों व समाज की सहमति से दोनों सहेलियों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। घटना से पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल रहा और लोगों ने इसे सच्ची मित्रता की अनोखी मिसाल बताया।

# अवैध हथियार खरीददार गिरफ्तार, पिस्टल-कारतूस बरामद

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/तखतगढ़ (पाली)।** जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत पाली पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियार रखने और खरीद-फरोख्त में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तखतगढ़ थाना पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। थानाधिकारी तखतगढ़ के नेतृत्व में गठित टीम ने सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सफलता को अंजाम दिया।



### मुखबिर की सूचना बनी कार्रवाई की कुंजी:

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोसेलाव निवासी एक युवक के पास अवैध हथियार है और वह किसी आपराधिक गतिविधि में इसका उपयोग कर सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बिना समय गंवाए संदिग्ध के ठिकाने पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से हथियार के स्रोत और उससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में अहम जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### *हथियार सप्लाई चेन की तलाश में जुटी पुलिस:*

*प्राथमिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि मामला सिर्फ एक व्यक्ति तक सीमित नहीं हो सकता। पुलिस को शक है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह या अवैध हथियार सप्लाई चेन से जुड़ा हो सकता है। इसी के चलते अब पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुट गई है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पाली पुलिस की इस कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अवैध हथियार और अपराध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार हो रही सख्त कार्रवाइयों से अपराधियों में खौफ का माहौल है।*

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
06 अप्रेल, 2026

# गंदे पानी की गिनाणी बनी बीमारी का अड्डा, नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ भड़का जनाक्रोश

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 10 गिनाणी बास के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार के बावजूद स्थानीय प्रशासन की लापरवाही अब खुलकर सामने आ रही है। गिनाणी के आसपास के क्षेत्र में फैली गंदगी, भयंकर बदबू, मच्छरों का आतंक और बढ़ते डेंगू के खतरे ने वार्डवासियों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है। इन समस्याओं के विरोध में वार्डवासियों ने विकास मंच अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा लंबे समय से गिनाणी क्षेत्र की सफाई नहीं करवाई गई है। जगह-जगह गंदा पानी जमा है। जिससे मच्छरों का प्रकोप तेजी



से बढ़ रहा है और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि वह लगातार बीमारी के डर में जी रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगों ने सरकार से इच्छा मृत्यु तक की मांग कर डाली। विकास मंच के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने मौके का निरीक्षण कर हालात को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि गिनाणी के पास खड़ा होना तक मुश्किल है। क्योंकि वहां से उठने वाली बदबू और मच्छरों का आतंक असहनीय है। उन्होंने बताया कि मोहल्लेवासियों ने उन्हें कई दस्तावेज सौंपे हैं। जिससे साफ है कि लोगों ने हर स्तर पर गुहार लगाई। लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। मौके पर चारों तरफ गंदगी का अंबार देखने को मिला। गिनाणी क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटों पर लंबी-लंबी बेलें उग चुकी हैं। जिससे रोशनी भी बाधित हो रही है। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए जनरेटर और मशीनें भी रखरखाव के अभाव में खराब हालत में पड़ी हैं। राजपुरोहित ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह नगर परिषद परिसर के आगे 24 घंटे का धरना देंगे और वहां बैठकर रामायण का पाठ करेंगे। ताकि अधिकारियों को सद्बुद्धि मिल सके। अगर अधिकारियों को यहां एक घंटे बैठा दिया जाए तो बदबू से ही बेहोश हो जाएंगे। जनता के पैसे से वेतन लेने वाले अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए। गिनाणी बास की समस्या अब केवल सफाई तक सीमित नहीं रह गई है। बल्कि यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुकी है। डेंगू के खतरे और लगातार प्रशासनिक अनदेखी के कारण लोगों में भारी आक्रोश है। यदि समय रहते सफाई, फॉगिंग और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो यह स्थिति और भयावह हो सकती है और बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है। क्या प्रशासन समय रहते जागेगा या फिर गिनाणी बास के लोगों को इसी बदहाल हालात में जीने के लिए मजबूर रहना पड़ेगा?

## अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बने एडवोकेट गोविंद मेघवाल



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, जिला चूरू (राजस्थान) की बैठक का आयोजन रविवार को गंगा माता मंदिर, बीदासर में किया गया। बैठक में समाज के कई व्यक्तियों की उपस्थिति रही। बैठक में जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार चिरायानिया, मीडिया प्रभारी व 'जागो हुक्मरान' पत्रिका के संपादक धर्मपाल चंदेल, संगठन सचिव चरण सिंह घोटड, कार्यकारी सदस्य हंसराज मौर्य सांडवा, सलाहकार मेघराज गुसाईवाल (अध्यक्ष, अंबेडकर सेवा समिति), प्रधानाचार्य हेमराज मेघवाल, शिक्षक संघ अंबेडकर के अध्यक्ष सोनाराम मेघवाल सहित जीवनराम दहिया, नवल किशोर मीणा, गुलाबचंद पवार, पंकज बौद्ध, शीवदान मेघवाल, बनाराम मेघवाल (सांडवा), नवरंगलाल मेघवाल, अशोक कुमार गुसाईवाल, शिव भगवान, छोटूराम, दीपचंद गुसाईवाल और बाबूलाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से बीदासर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें एडवोकेट गोविंद मेघवाल को अध्यक्ष, सांवरमल गुसाईवाल (अध्यापक) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नौरंगलाल मेघवाल (अध्यापक) को सचिव तथा प्रभुराम मेघवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और समाजहित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## धरना जारी, आमसभा में गूंजा विरोध; कई मांगों पर प्रशासन की सहमति



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** गांव लंबोर बड़ी टोल नाके पर अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले टोल संघर्ष समिति का धरना रविवार को 43वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान आयोजित आमसभा में लंबोर, बेरासर, बिन्जावास सहित आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर टोल के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। आमसभा को एडवोकेट कुरड़ाराम दामिवाल, गायत्री पूनिया, ओम विशु और रामनिवास लाम्बा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कागजों में सड़क की चौड़ाई अधिकतम 40 फीट दर्शाई गई है, जबकि ठेकेदार द्वारा 100 फीट से अधिक किसानों की जमीन रोककर टोल लगाया गया है और प्रभावित किसानों को मुआवजा भी नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक टोल नहीं हटेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि प्रशासन के साथ अब तक छह बार वार्ता हो चुकी है, लेकिन हर बार समाधान नहीं निकल पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन टोल को वैध साबित करने में असफल रहा है और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पा रहा है, जिससे टोल की वैधता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सभा से पहले संघर्ष समिति के मुनेश पूनिया की माताजी एवं देश-विदेश में युद्धों में जान गंवाने वाले लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## रतनलाल नायक अध्यक्ष, गंगाधर लाखन बने तहसील महासचिव



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अंबेडकर भवन दुलिया बास में डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की बैठक किशनलाल कटारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति की तहसील स्तर की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समाज के लोगों की उपस्थिति में सर्व समिति से संगठन के जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार चिरानिया, जिला सचिव महेंद्र सिंह हटवाल, वरिष्ठ सदस्य राजस्थान प्रदेश मोहनलाल अर्जुन, जिला मीडिया प्रभारी धर्मपाल चंदेल ने रतनलाल नायक को तहसील अध्यक्ष व गंगाधर लखन को तहसील महासचिव पद पर मनोनीत किया गया और राजूसिंह भाटी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व डॉक्टर शंकर लाल जिलोया को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाइयां दी। बैठक में तिलक राज घारू, ईश्वर सिंह सिरोवा, विनोद खटीक, बिरदीचंद बावरी, मिलाप लाखन, मनोहर लाल नायक, मनोज मेघवाल, सुरजाराम डाबरिया, हरिशंकर, देवेंद्र सिंह भाटी, गणेश मंडावरिया, मोहन मेघवाल, गौतम मेघवाल, नन्दलाल मेघवाल, निखिल आर्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे। तहसील अध्यक्ष रतनलाल नायक ने तिलोकचंद मेघवाल एडवोकेट, विनोद खटीक, बिरदी चन्द बावरी को तहसील उपाध्यक्ष व सचिव मनोनीत किया।

## डीएमएफटी की बैठक आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) की गवर्निंग काउंसिल की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर व अध्यक्ष डीएमएफटी डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा।

## अखिल राजस्थान महिला व बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा


जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के सैन मंदिर में अखिल राजस्थान महिला व बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। संघ के छोटूलाल बुनकर के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व साथिनी मौजूद रही। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित प्रमुख जनों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल राजस्थान महिला व बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक छोटूलाल बुनकर ने बताया कि सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व साथिनी को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं देकर आर्थिक व मानसिक शोषण कर रही है। मानदेय के नाम पर सरकार इन्हें 5 हजार से 10 हजार रुपये प्रतिमा दे रही है। इनका न्यूनतम वेतन 25 हजार होना चाहिए और नियमित कर्मचारी बनने के लिए सरकार को नीति निर्धारण करनी चाहिए। बुनकर ने संबोधन में बताया कि केंद्र सरकार की ओर से विगत 8 वर्षों में कोई मानदेय नहीं बढ़ाया है। इस पर बैठक में अवशेष एवं खेद प्रकट किया कि राज्य सरकार ने गत वर्ष बजट में आंगनबाड़ीकर्मी को सेवानिवृत्ति पर ग्रेजुएट का भुगतान करने की घोषणा की थी जो अब तक पूरी नहीं हुई है। इस अवसर पर संघ की चूरू जिला अध्यक्ष मंजू कुमारी नाई ने बताया कि मांगों के समर्थन में महिलाओं की ओर से जयपुर व दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। अन्य प्रमुख मांगों में कुम्हेर परियोजना का निजी हाथों में संचालित ठेके को समाप्त किया जाए, कार्मिकों से गैर विभागीय कार्य पर पूर्ण प्रतिबंध हो सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ग्राम साथीनों को भी महिला पर्यवेक्षक के पदों में 50 प्रतिशत पद का आरक्षण करना और पदोन्नति का अवसर बढ़ाना है। इस अवसर पर बैठक को रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष ममता परीक, महामंत्री सावित्री चौधरी, कोषाध्यक्ष मुक्ता सोनी, लक्ष्मी कंवर, प्रमिला चौधरी, मीनाक्षी गोस्वामी, रमेश तेतरवाल आदि ने संबोधित करते हुए एकता पर जोर दिया।

## घंटाघर बाजार में 'मधुमक्खियों का खौफ': दुकानों पर लटके दर्जनों छत्ते, ग्राहक आशंकित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के मुख्य बाजार स्थित घंटाघर क्षेत्र में इन दिनों मधुमक्खियों का आतंक व्यापारियों और आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बाजार के आसपास बने कई कॉम्प्लेक्स पर मधुमक्खियों के बड़े-बड़े दर्जनों छत्ते लटक रहे हैं, जिससे हर समय डर का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार जब भी ये छत्ते टूटते हैं या मधुमक्खियां अचानक झुंड में उड़ती हैं, तो बाजार में अफरा-तफरी मच जाती है। व्यापारी और ग्राहक खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने को मजबूर हो जाते हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई ग्राहक अब इस क्षेत्र में आने से भी कतराने लगे हैं।

ज्वेलरी व्यापारी देवेंद्र जांगिड़ ने बताया कि आसपास के चार से पांच कॉम्प्लेक्स पर मधुमक्खियों के दर्जनों छत्ते बने हुए हैं। मधुमक्खियां हर दो-तीन दिन में अपनी जगह बदलती रहती हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि दुकानें तक बंद करनी पड़ती हैं।

व्यापारी सुरेंद्र कुमार सोनी और रमेश कुमार सोनी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में मधुमक्खियों के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, वहीं रतनगढ़ में एक बुजुर्ग की मौत भी हो चुकी है।

व्यापारियों का कहना है कि मधुमक्खियों के डर से ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। रोजमर्रा का कारोबार प्रभावित हो रहा है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बाजार क्षेत्र में बने मधुमक्खियों के छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटवाया जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को राहत मिल सके और बाजार का सामान्य माहौल बहाल हो सके।

## 99% अंक लाकर नव्या नेहरा ने बढ़ाया मान, सालासर में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे स्थित श्री आर.एन. शिक्षण संस्थान में रविवार को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। संस्था निदेशक डॉ. लादूसिंह राव ने बताया कि कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में छात्रा नव्या नेहरा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल सालासर क्षेत्र बल्कि राजस्थान स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके अलावा दिव्या, कविता, दीपिका, प्रतिभा, कनिषा, महिमा और मनोज सहित कई विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 16 विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय और 13 विद्यार्थियों ने कला संकाय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि पर सभी मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर



व डॉक्यूमेंट फाइल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के बाद विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए डीजे के साथ विद्यालय से कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए सालासर बालाजी मंदिर तक रैली निकाली और वहां बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राम नारायण सिंह राव, सिंगारी देवी, डॉ. मनीषा राव, डॉ. चित्रा, हरिप्रसाद, शिवप्रसाद, मुकेश बेनीवाल, दिव्यांशु राव, मूलचंद, चतुर्भुज नेहरा, दिनेश, कमलेश शर्मा, रफीक, संजू, प्रिया राव, शिवशंकर, मनोज, भगवती जांगिड़ सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक उपस्थित रहे।

## राजगढ़ ओसवाल व्यायाम शाला का होगा पुनरुद्धार

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** जैन ओसवाल व्यायाम शाला का पुनरूद्धार होगा और यहां पर सर्वजन हितकारी गतिविधियों का संचालन शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को दोनों क्षेत्रों के तेरापंथ ओसवाल समाज के दोनों क्षेत्रों के श्रावकों की बैठक व्यायाम शाला परिसर में बैठक हुई। तेरापंथ सभा सादुलपुर के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी, राजगढ़ सभा के मंत्री रामलाल छाजेड़, सभा के ट्रस्टी हनुमान सुराणा और वरिष्ठ श्रावक उम्मेद मालू की संयुक्त अध्यक्षता में उक्त बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में श्रावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि व्यायाम शाला परिसर की सफाई करवा कर यहां पर गतिविधियां आरंभ करवाई जाए। इसके अलावा समाज के सहयोग से यहां पर ऐसे निर्माण कार्य करवाए जाएं जो जैन तेरापंथ समाज के साथ-साथ अन्य समग्र समाज के लिए भी लाभकारी साबित हो सके। इस मौके पर श्याम मंदिर संचालक मंडल के पवन चंगोई वाला ने भी आभार जताया कि जब भी मंदिर में कोई आयोजन होते हैं तो



व्यायाम शाला स्थान उपयोग के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहता है। इस अवसर पर श्याम जैन यह भी बताया कि कोलकाता नागरिक परिषद के अध्यक्ष समाजसेवी भोमराज सरावगी ने भी पुनरूद्धार में यथा संभव सहयोग देने का की बात कही है। बताया गया है कि यहां पर वृद्ध सेवा केंद्र भी बनाए जाने की योजना है। इस मौके पर अशोक श्यामसुखा, अभिषेक सरावगी, प्रमोद सरावगी, महेंद्र मुसरफ, सादुलपुर के संदीप घोड़ावत, प्रमोद दूगड़, किशन धाड़ेवा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। उपस्थित सभी लोगों ने निर्माण योजना में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

## कार्यकर्ताओं की संगठन शक्ति बनेगी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आधार : भागीरथ चौधरी

### दीनदयाल उपाध्याय मण्डल प्रशिक्षण वर्गों में सहभागिता, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़/अजमेर।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री और स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को अजमेर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत किशनगढ़ व अजमेर शहर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत विभिन्न मण्डल प्रशिक्षण वर्गों में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी हमें अंत्योदय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है और ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक व संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आधार है। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर शहर जिला के बजरंग मण्डल (अजमेर उत्तर विधानसभा) में आयोजित दो दिवसीय मण्डल प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर भी सहभागिता की। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि



पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। संगठन की मजबूती हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं पर आधारित है, जो राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से संगठनात्मक कौशल, विचारधारा व जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं का उत्साह, ऊर्जा व समर्पण संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौरान किशनगढ़ में मण्डल अध्यक्ष अमित अग्रवाल, नगर परिषद के पूर्व सभापति दिनेश सिंह राठौड़, जिला उपाध्याय वेदप्रकाश दाधीच, भाजपा नेता महेन्द्र पाटनी, पूर्व उपमहापौर श्री संपत सांखला, जिला महामंत्री किशन बंग, कैलाश रोकड़िया, दीपेश गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अजमेर शहर में आयोजित कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## दो दिन बाधित रहेगी 40 गांवों की पेयजल आपूर्ति

**खेतड़ी(निस)।** खेतड़ी, गोठड़ा सहित बसई, मेहाड़ा क्षेत्र के करीब 40 गांवों में पेयजल आपूर्ति 6 व 7 अप्रैल को बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के तहत चारावास पंप हाउस से खरकड़ा टैंक तक और खरकड़ा से खेतड़ी शहर तक आने वाली मुख्य राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज सुधार व मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण खेतड़ी, गोठड़ा सहित राजोता, बांसियाल, नानूवाली बावड़ी, शिमला, गोरीर, दूधवा, मानोता, रंवा, मेहाड़ा, बसई, नांगलिया समेत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दो दिन तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

# किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह का अपमान बर्दाश्त नहीं

### कथित टिप्पणी का विरोध जताया, आंदोलन की दी धमकी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भालेरी रोड़ स्थित राजस्थान जाट महासभा कार्यालय में राजस्थान जाट महासभा जिला इकाई चूरू की ओर से अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक रामावतार पलसानिया की ओर से किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह पर की गई



अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पलसानिया के बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सर्वहारा वर्ग के नेता थे और गांधीवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। वे जातिवाद पर हमेशा कड़ा प्रहार करते थे और जातियता को समूल नष्ट करने के लिए दशकों पूर्व अंतरजातीय विवाह पर जोर दिया। महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर कस्वां ने कहा कि रामावतार पलसानिया का बयान राजनीति से प्रेरित होने वाला है, जो निंदनीय है। चौधरी चरण सिंह ग्रामीण भारत के विकास पुरुष थे। उनके खिलाफ अमर्यादित बयान करना हमारा दुर्भाग्य है। महासभा के बीकानेर संभाग अध्यक्ष हरफूल सिंह भांभू ने बताया कि रामावतार पलसानिया एक समाज का पदाधिकारी न होकर एक व्यक्ति विशेष के प्रति अपनी श्रद्धा गिरवी रखकर बयान देते नजर आ रहे हैं। पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष राजेश तेतरवाल, गंगाराम कड़वासरा, महासचिव रामलाल सारण, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सारण, तहसील अध्यक्ष रामनिवास भांभू, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामावतार भांबू, प्रकाश लांबा, सत्य प्रकाश बेनीवाल सहित जाट महासभा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।